पूर्वोक्त संशोधन को ध्यान में रखते हुए, बैंक शेयरधारक, जिनके पास इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के भौतिक शेयर हैं, को एक बार फिर से सूचित किया जाता है कि वे अपने शेयरों को अभौतिकीकृत करवा लें। शेयरधारक दो डिपॉजिटरी में से किसी एक में अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, या सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड किसी भी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के जरिए डीमैट खाता खोल सकते हैं।

ञ) शेयरों के डीमैटरियलाइजेशन के लाभ:

शेयर प्रमाण पत्र के नुकसान और टूट-फूट का कोई खतरा नहीं, प्रतिभूतियों को रखने का आसान और सुविधाजनक तरीका, प्रतिभूतियों का तत्काल हस्तांतरण, प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के लिए कम कागजी कार्रवाई और कम लेनदेन लागत आदि है।

ट) एजीएम के दौरान हुई रिमोट ई-वोटिंग एवं ई-वोटिंग के परिणाम:

संवीक्षक, वार्षिक सामान्य बैठक के ई-वोटिंग समापन के पश्चात, प्रथमत: एजीएम के दौरान दिये गए वोट की गणना करेंगे, उसके बाद एजीएम समापन के 48 घंटों के भीतर, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देना बंद करवाएंगे, पक्ष या विपक्ष में पड़े कुल वोट की समेकित संवीक्षक रिपोर्ट, यदि कोई हो, उनके द्वारा लिखित रूप से प्राधिकृत व्यक्ति या अध्यक्ष, जो उस पर प्रति हस्ताक्षर करेंगे। बैंक अपने वेबसाइट पर रिमोट ई-वोटिंग के परिणाम के साथ एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के परिणाम का भी घोषणा करेगा और स्टॉक एक्स्चेंज को भी सूचित करेगा।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

हस्त/-
(अजय कुमार श्रीवास्तव)
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : चेन्नै
दिनांक: 06.06.2024

व्याख्यात्मक विवरण

कार्यसूची मद संख्या 2

बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के साथ-साथ गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में श्री श्रीनिवासन श्रीधर की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन लेना।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के उपबंध (एच) के अंतर्गत, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण प्रावधान) योजना 1970 के अनुच्छेद 5(1) और 9(2) (बी) के प्रावधानों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार द्वारा 21.02.2024 को जारी अधिसूचना एफ.सं6/26(ii)/2023-बीओ.आइ के तहत श्री श्रीनिवासन श्रीधर को अधिसूचना की तिथि से तीन वर्षों या भारत सरकार के अगले आदेश, जो भी पहले तक के लिए बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के साथ-साथ गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।

श्री श्रीनिवासन श्रीधर ने 21.02.2024 से अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के साथ-साथ गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में कार्यभार ग्रहण किया। श्री श्रीनिवासन श्रीधर ने 2018 से अपनी वर्तमान भूमिका ग्रहण करने तक बैंक ऑफ बड़ौदा के बोर्ड में शेयरधारक निदेशक के रूप में कार्य किया था। श्री श्रीनिवासन श्रीधर दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम (ऑनर्स) स्नातक हैं और एक योग्य सनदी लेखाकार भी हैं।

श्री श्रीनिवासन श्रीधर एक वित्तीय सेवाओं के विशेषज्ञ हैं जिनके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर और भारत में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने 28 वर्षों तक सिटीग्रुप के साथ, एशिया, अफ्रीका व यूरोप सहित 6 देशों में काम किया। उन्होने सिटीग्रुप में कुछ नेतृत्व पदों पर यानी तीन देशों के लिए सीईओ, भारत में कॉरपोरेट बैंक प्रमुख, अफ्रीका के लेन-देन सेवा प्रमुख पद पर कार्यभार ग्रहण किया और मध्य, पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व व अफ्रीका के बैंक सेवा समूह प्रमुख हैं। उनके पास कॉरपोरेट व निवेश बैंकिंग, उत्पाद प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, प्रशासन और नियामक अनुपालन जैसे क्षेत्रों का विस्तृत बैंकिंग अनुभव और ट्रैक रिकॉर्ड भी है।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में उनकी शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व : ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसिस सॉफ्टवेर लिमिटेड, निरलॉन ग्रेफ़ाइट इंडिया लिमिटेड, फिनका - अजेरबेइजान।

श्री श्रीनिवासन श्रीधर या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक को बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम के साथ संलग्न सूचना की मद संख्या 2 में निर्धारित सामान्य संकल्प में संबन्धित इच्छुक है।

कार्यसूची मद संख्या 3

बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री जयदीप दत्ता रॉय की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन लेना।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के प्रावधानों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार द्वारा 30.01.2024 को जारी अधिसूचना ईएफ.सं4/1(ii)/2024-बीओ.आइ के तहत श्री जयदीप दत्ता रॉय को उनके शेष कार्यकाल के लिए अर्थात 20.10.2024 तक, या कार्यभार संभालने से भारत सरकार के अगले आदेश तक जो भी पहले हो, को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

श्री जयदीप दत्ता रॉय ने 31.01.2024 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। लगभग 28 वर्षों से बैंकर हैं , वे वर्ष 1996 में बैंक ऑफ बड़ौदा में शामिल हुए।

बैंक ऑफ बड़ौदा में मानव संसाधन प्रमुख के रूप में बहुत ही सफल कार्यकाल पूरा करने के बाद, बैंक के देहरादून और बरेली क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ तत्कालीन देना बैंक और तत्कालीन विजया बैंक के समामेलन के समय एकीकरण प्रमुख रहे, उन्हें मुख्य महा प्रबंधक पद पर पदोन्नत किया गया और बैंक के एमडी व सीईओ के कार्यालय में रहे। मुख्य महा प्रबंधक के रूप में, वे बैंक में रणनीति तैयार करने और उसके कार्यान्वयन के प्रभारी थे तथा बैंक की सहायक कंपनियों व संयुक्त उद्यमों के प्रबंधन के अलावा बैंक स्तर और ऊर्ध्वाधर स्तर की समीक्षा करने के प्रभारी थे, जिसके बाद उन्हें भारत सरकार के द्वारा 21.10.2021 से कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक के रूप में, उन्होंने बैंक के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों जैसे खुदरा बैंकिंग व्यवसाय (संपत्ति और देनदारियां), धन प्रबंधन और एनआरआइ व्यवसाय, जोखिम, वित्त और योजना कार्य, एचआरएम, आइटी और डिजिटल, निरीक्षण व ऑडिट, अनुपालन, उधार प्रबोधन, संग्रह, सहायक और संयुक्त उद्यम, संचालन व सेवाएं, एंटरप्राइज डेटा प्रबंधन आदि का कार्यभार संभाला।

बड़ौदा-बीएनपी पारिबा एसेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और बैंक ऑफ बड़ौदा (यूके) लिमिटेड के बोर्ड के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष होने के साथ उन्होंने नेशनल ई गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल), पीएसबी एलायंस लिमिटेड, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द नैनीताल बैंक लिमिटेड, बड़ौदा

ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड, बीओबी कार्ड्स लिमिटेड, बैंक ऑफ बड़ौदा बोत्सवाना और बैंक ऑफ बड़ौदा तंजानिया लिमिटेड में निदेशक के रूप में कार्य किया।

श्री जयदीप दत्ता रॉय ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की है, इसके अलावा वे विधि स्नातक हैं और मुंबई में नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमबीए हैं।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में उनकी शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व : शून्य

श्री जयदीप दत्ता रॉय या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक को बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम के साथ संलग्न सूचना की मद संख्या 3 में निर्धारित सामान्य संकल्प में संबन्धित है।

कार्यसूची मद संख्या 4

बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री धनराज टी की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन लेना।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के प्रावधानों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार द्वारा 09.10.2023 को जारी अधिसूचना ईएफ.सं4/1(xi)/2023-बीओ.आइ के तहत श्री धनराज टी को 10.03.2024 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या भारत सरकार के अगले आदेश, जो भी पहले हो, बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।

श्री टी. धनराज ने 10.03.2024 को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इससे पहले, वे इंडियन बैंक में मुख्य महा प्रबंधक (सीडीओ/ सीएलओ) थे। श्री टी. धनराज ने वर्ष 1994 में ग्रामीण विकास अधिकारी के रूप में इंडियन बैंक में कार्य शुरू किया।

बैंकिंग उद्योग में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ग्रामीण और कॉर्पोरेट शाखाओं, कृषि ऋण, एमएसएमई और मानव संसाधन के शाखा प्रमुख के रूप में बैंकिंग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विभिन्न अनुभव प्राप्त किए। उन्होंने मानव संसाधन संबंधी सभी मामलों में तत्कालीन इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक के साथ विलय के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकीकृत इकाई में मानव संसाधन प्रमुख के रूप में, दक्षता बढ़ाने के लिए प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) को लागू करके मानव संसाधन प्रथाओं में बारीकी से परिवर्तन किया गया।

ग्रामीण बैंकिंग विभाग के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कृषि, स्टार्ट-अप के वित्तपोषण के लिए कृषि, इन्क्यूबेशन के लिए आइआइटी, मद्रास के साथ सहयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कृषि सह-उधार मॉडल की शुरुआत की। आरआरबी के अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने पल्लवन ग्राम बैंक और पाण्डियन ग्राम बैंक का एकीकरण सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसे अंततः तमिलनाडु ग्राम बैंक के रूप में जाना जाने लगा। वे नाबार्ड की सहायक कंपनी एनएबीकेआइएसएएन के बोर्ड और इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित आरआरबी सप्तगिरी ग्रामीण बैंक के बोर्ड में भी निदेशक रहे।

श्री टी धनराज ने तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय से कृषि इंजीनियरिंग की डिग्री के अतिरिक्त अन्य व्यावसायिक योग्यताएं जैसे सीएआइआइबी, ईआइएम बैंगलोर द्वारा पीएसयू बैंकों के प्रतिनिधियों के लिए 'नेतृत्व विकास कार्यक्रम' प्रबंधन पाठ्यक्रम किए। उन्होंने आइआइएम, लखनऊ से 'एचआर एनालिटिक्स में कार्यपालक कार्यक्रम' (ईपीएचआरए) में भी भाग लिया और उसे पूर्ण किया है।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में उनकी शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व : शून्य

श्री टी. धनराज या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक को बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम के साथ संलग्न सूचना की मद संख्या 4 में निर्धारित सामान्य संकल्प में संबन्धित है।

कार्यसूची मद संख्या 5

बैंक के गैर-कार्यपालक निदेशक (सरकार नामिती निदेशक) के रूप में श्री कार्तिकेय मिश्रा की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन लेना।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (बी) के प्रावधानों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार द्वारा 25 अक्तूबर 2023 को जारी अधिसूचना ईएफ.सं6/2/2022-बीओ.आइ के तहत श्री कार्तिकेय मिश्रा को तत्काल प्रभाव से भारत सरकार के अगले आदेश तक, को बैंक के गैर-कार्यपालक निदेशक (सरकार नामिती निदेशक) के रूप में नियुक्त किया।

श्री कार्तिकेय मिश्रा, निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस 2009 बैच) के अधिकारी हैं। श्री कार्तिकेय मिश्रा ने 25.10.2023 से सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में कार्यभार ग्रहण किया।

श्री कार्तिकेय मिश्रा बिट्स पिलानी से स्नातक और आइआइएम-अहमदाबाद से स्नातकोत्तर हैं। अपनी वर्तमान तैनाती से पहले, वह श्रम और रोजगार मंत्रालय, आंध्र प्रदेश में आयुक्त के रूप में तैनात थे और उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों में भी काम किया।

उन्होंने पश्चिम गोदावरी और पूर्वी गोदावरी जिलों के जिला कलेक्टर के रूप में भी काम किया। उन्होंने 'कौशल विकास' के लिए कौशल गोदावरी परियोजना भी शुरू की। उनके नेतृत्व में 16000 युवाओं को नौकरियां प्राप्त हुई थी।

उन्होंने तेलंगाना भवन, नई दिल्ली में विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में भी काम किया।

श्री कार्तिकेय मिश्रा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, आंध्र प्रदेश, विजयवाड़ा के निदेशक के रूप में काम किया था, जहां उन्हें आंध्र प्रदेश मेड टेक जोन (एएमटीजेड) के प्रबंध निदेशक और सीईओ का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के अतिरिक्त, श्री कार्तिकेय मिश्रा इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (आइएफसीआइ) और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (यूके) लिमिटेड (आइआइएफसी (यूके)) के बोर्ड में भी शामिल हैं।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में उनकी शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व : इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (आइएफसीआइ) और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (यूके) लिमिटेड

श्री कार्तिकेय मिश्रा या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक को बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम के साथ संलग्न सूचना की मद संख्या 5 में निर्धारित सामान्य संकल्प में संबन्धित है।

कार्यसूची मद संख्या 6

बैंक के गैर-कार्यपालक निदेशक (आरबीआइ नामिती निदेशक) के रूप में श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से अनुमोदन लेना।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (सी) के अंतर्गत, के प्रावधानों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण प्रावधान) योजना 1970 के अनुच्छेद (3) के उप-अनुच्छेद (1) सहित भारत सरकार द्वारा 14 जुलाई 2023 को जारी अधिसूचना ईएफ.सं6/3/2011-बीओ.आइ के तहत श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता को तत्काल प्रभाव से भारत सरकार के अगले आदेश तक, को बैंक के गैर-कार्यपालक निदेशक (आरबीआइ नामिती निदेशक) के रूप में नियुक्त किया।

श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता वर्तमान में कर्नाटक क्षेत्र में, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआइ), बेंगलुरु की क्षेत्रीय निदेशक हैं। आरबीआइ में अपने लगभग तीन दशकों के कार्यकाल में, उन्होंने केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में वित्तीय समावेशन और विकास विभाग के प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक के रूप में काम किया है और राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (एनसीएफई), मुंबई के बोर्ड में निदेशक के रूप में कार्य किया है। उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र केंद्रीय कार्यालय के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर बैंकिंग विनियमन और पर्यवेक्षण और मानव संसाधन विकास है। उन्होंने रिज़र्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय के साथ-साथ चंडीगढ़, कोलकाता और नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालयों में भी काम किया है।

उन्होंने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में आरबीआइ नामिती निदेशक के रूप में 14.07.2023 से कार्यभार संभाला।

उन्होंने 'कृषि ऋण की समीक्षा करने के लिए आंतरिक कार्य समूह' के सदस्य सचिव के रूप में कार्य किया और 2019 में स्थापित 'एमएसएमई पर विशेषज्ञ समिति' को सचिवीय सहायता प्रदान करने वाली टीम का नेतृत्व किया। वह विनियमन समीक्षा प्राधिकरण 2.0 के तहत गठित रिटर्न/ स्टेटमेंट के युक्तिकरण पर विशेष समिति का भी भाग थीं।

भारतीय जी20 प्रेसीडेंसी के दौरान, वे जी20 के फाइनेंस ट्रैक के तहत एक कार्य समूह, ग्लोबल पार्टनरशिप फॉर फाइनेंशियल इंक्लूजन (जीपीएफआइ) के लिए आरबीआइ लीड रही हैं।

फॉर फाइनेंशियल इंक्लूजन (जीपीएफआइ) के लिए आरबीआइ लीड रही हैं।

उनके पास वाणिज्य (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री है और बैंकिंग और वित्त में मास्टर डिग्री है। वह भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (सीएआइआइबी) की प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में उनकी शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व : शून्य

श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक को बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम के साथ संलग्न सूचना की मद संख्या 6 में निर्धारित सामान्य संकल्प में संबन्धित है।

कार्यसूची मद संख्या 7

अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव / अधिकार निर्गम / योग्य संस्थागत प्लेसमेंट / सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 के तहत कर्मचारियों को शेयर जारी करने / एलआइसी, अन्य बीमा कंपनियों शेयर जारी करने, म्यूचुअल फंड और क्यूआइबी को अधिमानी आधार पर या किसी अन्य मोड या उसके संयोजन के माध्यम से, एक या अधिक किश्तों में 5000 करोड़ रुपये तक की चुकता इक्विटी पूंजी जुटाने हेतु।

1. आरबीआइ के बेसल III दिशानिर्देशों का पालन करने और एक मजबूत पूंजी आधार रखने के लिए ताकि व्यवसाय के विकास के लिए आवश्यक पूंजी सहायता प्रदान की जा सके, बैंक को पूंजी की निरंतर आवश्यकता होती है।

2. भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या जीएसआर 520 (ई) दिनांकित 30 जुलाई 2021, आगे प्रतिभूति संविदा (विनियम) नियम (एससीआरआर), 1957 के तहत संशोधित प्रावधान और एससीआरआर में उक्त संशोधन के संदर्भ में, केंद्र सरकार जनहित में किसी सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को एससीआरआर के किसी या सभी प्रावधानों से छूट दे सकती है।

3. इसके बाद, केंद्र सरकार ने अपने पत्र संदर्भ सं. एफ.सं. 1/14/2018-पीएम दिनांकित 06.07.2022 के जरिए सेबी को अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने जनहित में निर्णय लिया है कि प्रत्येक सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, जैसा कि एससीआरआर, 1957 में परिभाषित है, जिसकी सार्वजनिक शेयरधारिता पच्चीस प्रतिशत से कम है और जो एससीआरआर, 1957 के नियम 19क में निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी सार्वजनिक शेयरधारिता को कम से कम पच्चीस प्रतिशत तक नहीं बढ़ा सके, उन्हें अपनी सार्वजनिक शेयरधारिता को कम से कम पच्चीस प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए 01.08.2024 तक छूट मिलेगी।

4. बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 22 अप्रैल 2024 को अपनी बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन और अन्य आवश्यक सांविधिक / नियामक अनुमोदनों के अधीन विभिन्न उपलब्ध विकल्पों के माध्यम से रु. 5000 करोड़ की प्रदत्त इक्विटी पूंजी जुटाने के लिए मंजूरी दे दी है।

5. तदनुसार, अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव / अधिकार इश्यू / योग्य संस्थागत प्लेसमेंट / सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 के तहत कर्मचारियों को शेयर जारी करने / एलआइसी और अन्य बीमा कंपनियों को अधिमानी आधार पर शेयर जारी करने / म्यूचुअल फंड / क्यूआइबी या किसी अन्य मोड या उसके संयोजन के माध्यम से बैंक में सार्वजनिक शेयरधारिता बढ़ाने के लिए इक्विटी पूंजी जुटाने का प्रस्ताव रखता है। मौजूदा बाज़ार स्थितियों के आधार पर बैंक द्वारा इन विकल्पों का प्रयोग किया जाएगा।

6. अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव / अधिकार इश्यू / योग्य संस्थागत प्लेसमेंट / सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 के तहत कर्मचारियों को शेयर जारी करने / एलआइसी और अन्य बीमा कंपनियों / म्यूचुअल फंड / क्यूआइबी को या किसी अन्य मोड या उसके संयोजन के माध्यम से अधिमानी आधार पर शेयर जारी करना।

7. पूर्वोक्त इक्विटी पूंजी भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, राष्ट्रीयकृत बैंकों) प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, सेबी आइसीडीआर विनियम और सेबी के अन्य प्रासंगिक दिशानिर्देशों / विनियमों और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ लिस्टिंग समझौते के अनुपालन और निर्धारित अन्य प्राधिकरणों से उचित अनुमोदन के साथ जुटाई जाएगी।

8. बैंक, बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण और उपक्रम का हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ख) (ग) के अनुसार, प्रदत्त पूँजी बढ़ाने के लिए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करेगा। हालांकि, केंद्र सरकार, हमेशा, बैंक की प्रदत्त इक्विटी पूंजी के बावन प्रतिशत से कम नहीं रखेगी।

9. एलओडीआर विनियम, 2015 के नियम 41 में प्रावधान है कि जब भी बैंक द्वारा कोई और निर्गम या प्रस्ताव दिया जाता है, तो मौजूदा शेयरधारकों को समानुपातिक आधार पर उसी की पेशकश करनी है, जब तक कि असाधारण बैठक में शेयरधारक अन्यथा निर्णय नहीं ले लेते। उक्त संकल्प, यदि पारित हो जाता है, तो बैंक ओर से बोर्ड को निर्गम करने की अनुमति देने और मौजूदा शेयरधारकों को यथानुपात आधार पर प्रतिभूतियों को जारी और आबंटित करने का अधिकार होगा।

10. यह संकल्प बैंक को फॉलो-ऑन पब्लिक इश्यू के माध्यम से और/या निजी प्लेसमेंट के आधार पर या भारत सरकार / आरबीआइ द्वारा अनुमोदित किसी अन्य मोड पर इक्विटी शेयर/अधिमान शेयर/प्रतिभूतियों को बनाने, पेश करने, जारी करने और आवंटित करने में सक्षम बनाता है। इश्यू से प्राप्त राशि बैंक को समय-समय पर आरबीआइ द्वारा निर्दिष्ट पूंजी पर्याप्तता आवश्यकताओं को मजबूत करने में सक्षम बनाएगी।

11. यह संकल्प आइसीडीआर विनियमों द्वारा परिभाषित क्वालिफाइड संस्थागत खरीदारों के साथ क्वालिफाइड संस्थागत प्लेसमेंट करने के लिए निदेशक मंडल को सशक्त बनाने का प्रयास करता है। शेयरधारकों से नए सिरे से अनुमोदन मांगे बिना, निदेशक मंडल अपने विवेक से बैंक के लिए धन जुटाने के लिए आइसीडीआर विनियमों के अध्याय VIII के तहत निर्धारित तंत्र को अपना सकता है।

12. सेबी आइसीडीआर विनियमों के अध्याय VI के संदर्भ में एक क्यूआइपी निर्गम के मामले में, क्यूआइपी के आधार पर प्रतिभूतियों का निर्गमन साप्ताहिक उच्च के औसत से कम नहीं और "प्रासंगिक तिथि" से पहले दो सप्ताह के दौरान स्टॉक एक्सचेंज पर उद्धृत शेयर को समापन मूल्य के निम्न मूल्य पर किया जा सकता है। "प्रासंगिक तिथि" का अर्थ उस बैठक की तिथि से है जिसमें बोर्ड या बैंक की समिति क्यूआइपी निर्गम को खोलने का निर्णय लेती है।

13. बाजार की मौजूदा स्थितियों और अन्य नियामक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, प्रस्ताव के लिए विस्तृत नियम और शर्तें सलाहकारों, अग्रणी प्रबंधकों और अंडरराइटर्स तथा ऐसे अन्य प्राधिकरण या प्राधिकरणों के परामर्श से निर्धारित की जाएंगी।

14. जारी किए जाने वाले शेयरों की कीमत बताना संभव नहीं है, जैसा कि मूल्य निर्धारण के ऑफर को बाद के चरण के अतिरिक्त तय नहीं किया जा सकता है। हालांकि, यह समय-समय पर संशोधित सेबी आइसीडीआर विनियमों, बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (शेयर व बैठक) विनियम, 2003 के प्रावधानों या कोई अन्य दिशानिर्देश/विनियम/सहमति जो लागू या आवश्यक हो के अनुसार होगा।

15. पूर्वोक्त कारणों से, इस मुद्दे की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए बोर्ड को पर्याप्त अधिकार और विवेक देने के लिए एक समर्थकारी संकल्प पारित करने का प्रस्ताव है।

16. आबंटित इक्विटी शेयर, बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के साथ हर तरह से समान रैंक के होंगे।

17. इस उद्देश्य के लिए, बैंक को एक विशेष संकल्प के माध्यम से शेयरधारकों की सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता होती है । अतः उपरोक्त प्रस्ताव के लिए आपकी सहमति का अनुरोध किया जाता है।

18. बैंक या उसका कोई भी निदेशक या प्रमोटर, इरादतन चूककर्ता या भगोड़ा आर्थिक अपराधी नहीं है।

19. कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार विशेष संकल्प में रुचि नहीं रखते हैं, जैसा कि नोटिस के एजेंडा आइटम नंबर 7 में निर्धारित किया गया है।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

हस्त/-
(अजय कुमार श्रीवास्तव)
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : चेन्नै
दिनांक: 06.06.2024

निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशकों की रिपोर्ट 2023-24

निदेशक मंडल सहर्ष 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक का लेखापरीक्षित तुलन-पत्र और लाभ और हानि के साथ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा है।

वैश्विक एवं घरेलू अर्थव्यवस्था परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतकों में परिलक्षित होता है, मूल्य स्थिरता बहाल करने और जारी भूराजनीतिक संघर्षों के चलते केंद्रीय बैंक की ब्याज दरों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी के बावजूद एक स्थिर दृष्टिकोण के साथ लचीली बनी हुई है। मुद्रास्फीति का दबाव कम होने के साथ, आर्थिक गतिविधियां लगातार बढ़ीं हैं, मुद्रास्फीतिजनित मंदी और वैश्विक मंदी की चेतावनियों को धता बताते हुए, वैश्विक दृष्टिकोण के जोखिम अब पिछले वर्ष की तुलना में मोटे तौर पर संतुलित हैं।

इन विद्यमान वैश्विक आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि 2024 और 2025 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था 3.2% की दर के साथ 2023 के समान गति से ही आगे बढ़ेगी। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए जहां विकास की उम्मीद है, अर्थव्यवस्था थोड़ी तेजी से 2023 के 1.6% से बढ़कर 2024 में 1.7% और 2025 में 1.8% की वृद्धि होगी वहीं उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 2023 में 4.3% से 2024 और 2025 दोनों में 4.2% की मामूली मंदी से इसकी भरपाई हो जाएगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों, घरेलू मांग में उछाल, कॉरपोरेट क्षेत्र की मजबूत तुलन-पत्र और मजबूत बैंक ऋण मांग के कारण लचीली बनी रही, जिसे केंद्र द्वारा पूंजीगत व्यय में बड़ी वृद्धि से भी मदद मिली।

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2023-24 की चौथी तिमाही (Q4) में 7.8% बढ़ गया है। इस वृद्धि के पीछे विनिर्माण क्षेत्र मुख्य कारक है। तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में 8.9% की वृद्धि हुई और पूरे वित्तीय वर्ष 2023-24 में 9.9% की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई। 2023-24 को समाप्त पूरे वित्तीय वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.2% की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग में उछाल के कारण 7.0% या अधिक वृद्धि का लगातार तीसरा वर्ष है। 2021-22 और 2022-23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में क्रमशः 9.8% और 7.0% की वृद्धि हुई थी।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2024-25 के लिए समान रूप से जोखिम संतुलन के साथ भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.0% रहने की अनुमान लगाया है जिसके 2024-25 की पहली तिमाही में 7.1%; दूसरी तिमाही में 6.9% पर; तीसरी तिमाही में 7.0%; और चौथी तिमाही में 7.0% पर रहने का अनुमान लगाया है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जनवरी 2024 में अनुमानित 6.5% की तुलना में घरेलू मांग में बढ़ोतरी का हवाला देते हुए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपने पूर्वानुमान को 30 बेसिस प्वाइंट संशोधित कर वित्त वर्ष 2025 में 6.8% कर दिया है।

वित्तीय कार्य-निष्पादन

बैंक ने 2023-24 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान व्यवसाय के साथ-साथ लाभप्रदता के मोर्चे पर भी अपना उल्लेखनीय कार्य-निष्पादन जारी रखा है। बैंक ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष में पहली बार कुल कारोबार में 5 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। सकल अग्रिम 15.9% (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 2,19,018 करोड़ रुपये हो गया और कुल जमा में 9.6% (31.03.2024 को सालाना आधार पर 2,85,905 करोड़ रुपये) की वृद्धि हुई।

कम लागत वाले कासा जमा को जुटाने में विभिन्न चुनौतियों के बावजूद, बैंक ने 31.03.2024 तक 24.5 लाख से अधिक कासा ग्राहकों को जोड़ते हुए कासा जमा को 10% बढ़ाकर 1,25,508 करोड़ रुपये करने में सक्षम रहा, जबकि 2022-23 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में यह 1,14,113 करोड़ रुपये था। बैंक का कासा अनुपात भी 16 बीपीएस बढ़कर 31.03.2024 को 43.90% हो गया, जो 31.03.2023 को 43.74% था।

पिछले वित्तीय वर्ष में रिपोर्ट की गई 8,255 करोड़ रुपये की मजबूत ऋण वृद्धि के कारण बैंक की निवल ब्याज आय 31.03.2024 तक 19.07% बढ़कर 9,829 करोड़ रुपये हो गई है।

निवल ब्याज आय में मजबूत वृद्धि और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के कारण बैंक का निवल लाभ 2023-24 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 26.54% बढ़कर 2,656 करोड़ रुपये हो गया है, जो 31.03.2023 को 2,099 करोड़ रुपये था। पूरे वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) मार्च 2023 के 2.93% के मुकाबले मार्च 2024 तक 35 बीपीएस बढ़कर 3.28% हो गया है।

संपत्ति गुणवत्ता के मामले में, बैंक ने सकल एनपीए और निवल एनपीए दोनों में कमी दर्ज़ की है। 31.03.2024 को बैंक का सकल एनपीए घटकर 6,794 करोड़ रुपये (3.10%) हो गया, जो 31.03.2023 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में 14,072 करोड़ रुपये (7.44%) था। इसी प्रकार, उपरोक्त अवधि के लिए बैंक का शुद्ध एनपीए 3,266 करोड़ रुपये (1.83%) से घटकर 1,217 करोड़ रुपये (0.57%) हो गया है।

पूरे वर्ष के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्लिपेज घटकर 1,516 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 4,029 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का स्लिपेज अनुपात मार्च 2024 में 200 बीपीएस कम होकर 0.87% हो गया है, जो मार्च 2023 तक 2.87% था। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4,549 करोड़ रुपये की वसूली की दर्ज़ की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 4,285 करोड़ रुपये की वसूली के मुकाबले 6.2% अधिक है।

31.03.2024 तक संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के कारण एनपीए के लिए प्रावधान की आवश्यकता 5.32% कम होकर 2,706 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 2,858 करोड़ रुपये थी। पूरे वर्ष के आधार पर बैंक की क्रेडिट लागत 31.03.2024 को घटकर 1.34% हो गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 1.70% थी। बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 31.03.2023 के 92.63% से 31.3.2024 को 422 बीपीएस बढ़कर 96.85% हो गया है।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31.03.2023 के 16.10% की तुलना में 31.03.2024 को 17.28% तक सुधर गया है और नियामक आवश्यकता से काफी ऊपर है।

आय एवं व्यय विश्लेषण

अग्रिमों पर प्राप्त ब्याज पिछले वर्ष की तुलना में प्राप्त 13,151 करोड़ रुपये की तुलना में 31 मार्च 2024 तक 33.65% (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 17,576 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में निवेश पर ब्याज बढ़कर 5,946 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 5,849 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल ब्याज आय 23.96% बढ़कर 24,050 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 19,401 करोड़ रुपये थी।

वित्त वर्ष 2023-24 में जमा पर ब्याज 12,609 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष भुगतान 10,536 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 में उधार पर ब्याज बढ़कर 1,611 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 609 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल ब्याज व्यय बढ़कर 14,220 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 11,145 करोड़ रुपये था।

निवल ब्याज आय वित्त वर्ष 2022-23 में 8,256 करोड़ रुपये से 19.05% बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 9,829 करोड़ रुपये हो गई है।

परिचालन आय 25.24% बढ़कर 15,485 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि 2022-23 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में यह 12,364 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 में परिचालन व्यय बढ़कर 8,722 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 6,422 करोड़ रुपये था। 12वें द्विपक्षीय समझौते / 9वें संयुक्त नोट के कारण कर्मचारी वेतन संशोधन भुगतान वित्त वर्ष 2022-23 में परिचालन व्यय में वृद्धि का प्रमुख कारण था।

कॉरपोरेट गवर्नेंस

कॉरपोरेट गवर्नेंस बैंक के दैनिक कार्यों के संचालन में अंतर्निहित मूल्य प्रणाली को दर्शाता है। बैंक, बैंक की सुरक्षित और सुदृढ़ कार्यप्रणाली के लिए प्रभावी कॉरपोरेट गवर्नेंस की महत्वपूर्ण भूमिका को समझता है और संरचनाओं, प्रक्रियाओं और बैंक और उसके हितधारकों के हितों की पूर्ति के लिए रणनीतिक उद्देश्यों को स्थापित करने के लिए प्रणालियाँ स्थापित करना सुनिश्चित करने पर जोर देता है, जो कि प्रभावी निगरानी की सुविधा भी प्रदान करती हैं।

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ विनियम) 2015 (एलओडीआर)

सेबी (एलओडीआर) के अनुसार

बैंक अपने शेयरधारकों को वार्षिक सामान्य बैठकों/असाधारण सामान्य बैठकों में रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रहा है ।

- आचार संहिता बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन (यानी, बैंक के महा प्रबंधकों) पर लागू होती है।
- बैंक कॉरपोरेट गवर्नेंस पर बोर्ड की ऑडिट समिति और बीएसई और एनएसई को, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं, एक त्रैमासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा है।
- बैंक बीएसई और एनएसई को त्रैमासिक निवेशक शिकायत रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर रहा है।

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष

भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने वर्ष 2013-14 तक की अवैतनिक लाभांश राशि को आईईपीएफ में स्थानांतरित कर दिया है।

- बैंक नियामक प्राधिकारियों और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित सभी दिशानिर्देशों/विनियमों का अनुपालन कर रहा है। बैंक बिना किसी देरी के शेयरधारकों की शिकायतों का निवारण करता है।

पूंजी पार्याप्तता अनुपात

बेसल iii मानदंडों के अनुसार बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31.03.2024 को 31.03.2023 की तुलना में 16.10% से सुधर कर 17.28% हो गया, जो कि नियामक आवश्यकताओं से अधिक हो गया है।

शाखा नेटवर्क

31 मार्च 2023 को 3,220 शाखाओं की तुलना में 31 मार्च 2024 को बैंक की 3,236 अंतर्देशीय शाखाएँ हैं जिनमें 910 ग्रामीण शाखाएँ (28.12%), 967 अर्ध शहरी शाखाएँ (29.89%), 659 शहरी शाखाएँ (20.36%) और 700 शाखाएँ (21.63%) महानगरीय शाखाएँ शामिल हैं। बैंक के 49 क्षेत्रीय कार्यालय, 2 एक्सटेंशन काउंटर, 1 सैटेलाइट कार्यालय, 2 सिटी बैक ऑफिस, 6 नोडल लेखा-परीक्षा कार्यालय और 1 खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र भी है। वर्ष वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंक ने 4 ग्रामीण शाखाएँ, 7 अर्ध-शहरी शाखाएँ, 3 शहरी शाखाएँ, 2 महानगरीय शाखाएँ और 1 खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र खोला है।

निदेशक मण्डल

बैंक का व्यवसाय निदेशक मंडल में निहित है। एमडी व सीईओ और ईडी बोर्ड के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण के तहत कार्य करते हैं। 31.03.2024 को बैंक के निदेशकों की संख्या दस है, जिसमें तीन पूर्णकालिक निदेशक, दो गैर-कार्यकारी निदेशक, चार अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक और शेयरधारकों में से उनके हितों का विधिवत प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया एक निदेशक शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निदेशकों के कार्यकाल की स्थिति:

नाम	पदभार ग्रहण करने की तिथि	कार्यकाल समापन की तिथि	पद
श्री श्रीनिवासन श्रीधर	21.02.2024	20.02.2027	गैर-कार्यपालक अध्यक्ष
श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	01.01.2023	31.12.2025	प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी
श्री जयदीप दत्ता रॉय	31.01.2024	20.10.2024	कार्यपालक निदेशक
श्री धनराज टी	10.03.2024	09.03.2027	कार्यपालक निदेशक
श्री कार्तिकेय मिश्र	25.10.2023	यूएफ़ओ*	सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता	14.07.2023	यूएफ़ओ*	आरबीआइ द्वारा नामित निदेशक
श्री सुरेश कुमार रुंगटा	21.12.2021	20.12.2024	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
श्री बी चंद्र रेड्डी	21.12.2021	20.12.2024	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
श्री दीपक शर्मा	21.12.2021	20.12.2024	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
श्री संजया रस्तोगी	03.12.2022	02.12.2025	शेयरधारक निदेशक

*आगामी आदेश तक

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, निम्नलिखित निदेशक का कार्यकाल निम्नानुसार समाप्त हुआ:

नाम	पदभार ग्रहण करने की तिथि	कार्यकाल समापन की तिथि	पद
श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	कार्यपालक निदेशक
सुश्री एस श्रीमति	10.03.2021	09.03.2024	कार्यपालक निदेशक
सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू	22.07.2016	24.10.2023	सरकार द्वारा नामित निदेशक
श्री विवेक अग्रवाल	25.02.2022	13.07.2023	आरबीआइ द्वारा नामित निदेशक

आभार

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेंजों, राज्य सरकारों, वित्तीय संस्थानों और सभी विदेशी नियामकों से प्राप्त बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभारी है। निदेशक मूल्यवान ग्राहकों, कर्मचारी संघ, अधिकारी संघ, देशी और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह, शेयरधारकों और अन्य हितधारकों को उनके मूल्यवान समर्थन और बैंक के साथ निरंतर संरक्षण के लिए धन्यवाद देते हैं।

बोर्ड सभी स्तरों पर बैंक के कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान के लिए अपनी गहरी सराहना दर्ज़ करना चाहता है और भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ उनकी निरंतर भागीदारी के लिए तत्पर है।

निदेशक मंडल की ओर से

हस्त/-
(अजय कुमार श्रीवास्तव)
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : चेन्नै
दिनांक: 01.06.2024

PM Vishwakarma
Crafting the Soul of India
पी एम विश्वकर्मा
सम्मान . सामर्थ्य . समृद्धि
Quantum of Loan
Upto ₹ 3* Lakhs
T&C Apply
First Loan Tranche upto ₹ 1 Lakh
Second Loan Tranche upto ₹ 2 Lakh
Rate of Interest- 5%
No Collateral Security
No Guarantee
APPLY NOW
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
आपकी प्रगति का सच्चा साथी
Good people to grow with
www.iob.in
www.iob.in
Follow us on @IOBIndia
1800 890 4445 | 1800 425 4445

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

आर्थिक और बैंकिंग वातावरण

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों, घरेलू मांग में उछाल, कॉरपोरेट क्षेत्र की मजबूत तुलन पत्र और मजबूत बैंक ऋण मांग के कारण लचीली बनी रही, जिसे केंद्र द्वारा पूंजीगत व्यय में हुई वृद्धि से भी सहायता प्राप्त हुई।

मजबूत निवेश गतिविधि और निवल बाह्य मांग में कमी के साथ, 2023-24 की तीसरी तिमाही (Q3) में भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4% बढ़ गया। यह 2023-24 की पहली और दूसरी तिमाही में क्रमशः 8.2% और 8.1% की वृद्धि से अधिक है।

आपूर्ति पक्ष पर, विनिर्माण और निर्माण गतिविधि द्वारा संचालित, 2023-24 में सकल मूल्य वर्धित में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

चूंकि घरेलू अर्थव्यवस्था एक मजबूत गति का अनुभव कर रही है, दूसरे अग्रिम अनुमान (एसएई) ने 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत रखी है, घरेलू मांग में उछाल के कारण लगातार तीसरे वर्ष 7 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 और 2022-23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 7.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने समान संतुलित जोखिम के साथ 2024-25 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी संवृद्धि 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है और 2024-25 की पहली तिमाही में 7.1 प्रतिशत; दूसरी तिमाही में 6.9 प्रतिशत; तीसरी तिमाही में 7.0 प्रतिशत; और चौथी तिमाही में 7.0 प्रतिशत संवृद्धि का अनुमान है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जनवरी 2024 में अनुमानित 6.5% की तुलना में घरेलू मांग में बढ़ोतरी का हवाला देते हुए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपने पूर्वानुमान को 30 आधार अंक तक संशोधित कर वित्त वर्ष 2025 में 6.8% कर दिया है।

2024-25 में भारत की सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत अनुमानित है। खाद्य कीमतों की अनिश्चितताएं आगे चलकर मुद्रास्फीति की गति पर असर डाल रही हैं। खाद्य मुद्रास्फीति दिसंबर 2023 में 8.7 प्रतिशत से घटकर जनवरी 2024 में 7.6 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी 2024 में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई।

भारत में बैंकिंग क्षेत्र लचीला और स्थिर बना रहा और पूंजी पर्याप्तता, परिसंपत्ति गुणवत्ता, प्रावधान कवरेज और लाभप्रदता से संबंधित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सुधार देखा गया है। अर्थव्यवस्था के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों से ऋण की मांग देखी गई। 22 मार्च, 2024 को समाप्त पखवाड़े के लिए बैंकिंग उद्योग (एससीबी) का क्रेडिट ऑफटेक साल दर साल (वाई-ओ-वाई) 16.3% (जिसमें एचडीएफसी का विलय शामिल नहीं है) बढ़ गया। उक्त अवधि हेतु जमा में भी 12.87% (जिसमें एचडीएफसी का विलय शामिल नहीं है) की वृद्धि हुई।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान क्रमशः 13.5% और 10.1% की ऋण और जमा वृद्धि दर्ज की है। इसी अवधि के लिए सीडी अनुपात भी 73.53% से बढ़कर 75.78 हो गया।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का संचयी लाभ मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में दूसरी बार 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। सभी 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मार्च 2023 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया था। 12 पीएसबी ने 2022-23 में अर्जित 1,04,649 करोड़ रुपये की तुलना में निवल लाभ में 34.93% से बढ़कर 1,41,203 हो गया, की वृद्धि देखी, जो उच्च ब्याज आय और गैर-निष्पादित आस्तियों का प्रबंधन में सुधार के कारण था।

आगे, बैंकिंग क्षेत्र में केंद्र द्वारा पूंजीगत व्यय में बड़ी वृद्धि, पीएलआई योजना द्वारा समर्थित एमएसएमई ऋण में वृद्धि और त्वरित ऋण मंजूरी और संवितरण के लिए फिनटेक के साथ साझेदारी के कारण खुदरा ऋण मांग में वृद्धि से दोहरे अंक की ऋण वृद्धि देखी जा सकती है। हालाँकि, उधार लागत की तुलना में फंडिंग लागत में तेजी से वृद्धि के कारण बैंकों को निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर दबाव का सामना करना पड़ सकता है और उम्मीद है कि रेपो दर में कटौती का चक्र वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही से शुरू हो सकता है। बैंकों को जमा राशि, खासकर कम लागत वाली कासा जमाओं से, जुटाने के मोर्चे पर भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जमा राशि जुटाने के लिए बैंकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा से बैंक का ब्याज खर्च उच्च स्तर पर रहेगा।

घरेलू परिचालन एवं पृष्ठभूमि

बैंक की पृष्ठभूमि

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (आइओबी) की स्थापना 10 फरवरी 1937 को कई क्षेत्रों में अग्रणी श्री एम सीटी एम. चिदंबरम चेट्टियार द्वारा की गई थी। आइओबी उन 14 प्रमुख बैंकों में से एक था, जिनका 1969 में राष्ट्रीयकरण किया गया था। 1969 में राष्ट्रीयकरण की पूर्व संध्या पर, आइओबी की भारत में 195 शाखाएँ थीं, जिनकी कुल जमा राशि 67.70 करोड़ रुपये थी और अग्रिम राशि 44.90 करोड़ रुपये थी। वर्तमान में बैंक की विदेशों में 4 देशों सिंगापुर, हांगकांग, थाईलैंड और श्रीलंका में उपस्थिति है।

बैंक ने ओडिशा में ओडिशा ग्राम्य बैंक को भी प्रायोजित किया है।

प्रमुख उपलब्धियां

- बैंक के पास बैंकिंग में 87 वर्षों की सेवा उत्कृष्टता है।
- 3236 शाखाओं और 3506 एटीएम और 6379 कारोबार प्रतिनिधियों की मजबूत घरेलू उपस्थिति ग्राहकों को विस्तारित पहुंच प्रदान करती है।
- 58% शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी केंद्रों की जरूरतों को पूरा करती हैं, जिससे गहन वित्तीय समावेशन में वृद्धि होती है।
- दक्षिण भारत में विशेष रूप से तमिलनाडु राज्य में एक मजबूत ब्रांड नेम।
- **41 मिलियन** सक्रिय ग्राहकों का भरोसा।
- 4 शाखाओं के साथ विदेश में उपस्थिति
- कम लागत वाली कासा जमाराशियों में निरंतर वृद्धि, खुदरा, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों में प्रदर्शन जिनका घरेलू अग्रिमों में 72.59% का योगदान है।

बैंक के परिचालन

घरेलू जमा

31 मार्च 2024 को बैंक की कुल घरेलू जमा राशि 278968 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 मार्च 2023 को 254324 करोड़ रुपये थी। घरेलू कासा 31 मार्च 2023 को 112093 करोड़ रुपए से 31 मार्च 2024 तक 123435 करोड़ रुपए बढ़ गया है। यह भी उल्लेख करना है कि घरेलू बचत बैंक जमा 31 मार्च 2023 को 97211 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च 2024 तक 102328 करोड़ रुपये हो गया है। घरेलू कासा % भी बढ़कर मार्च 2024 तक 44.25% हो गया है।

घरेलू अग्रिम

जोखिम में विविधता लाने और मार्जिन में सुधार करने की दृष्टि से, बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान खुदरा, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया। घरेलू सकल अग्रिम 31 मार्च 2023 को 173668 करोड़ रुपये की तुलना में 31 मार्च 2024 को 200697 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि घरेलू सकल अग्रिम 15.56% बढ़ा है।

विदेशी परिचालन

31 मार्च 2024 तक बैंक की विदेशों में 5 प्रतिष्ठान हैं, जिनमें 4 विदेशी शाखाएं और 1 संयुक्त उद्यम सहायक कंपनी शामिल है। सिंगापुर, हांगकांग, बैंकॉक और कोलंबो में बैंक की एक-एक शाखा है। इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहद- बैंक ऑफ बड़ौदा, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का एक संयुक्त उद्यम, मलेशिया में काम कर रहा है। विदेशी व्यापार (जेवी-आईआईबीएमबी को छोड़कर) 31 मार्च 2023 तक 21,899 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2024 तक 25,259 करोड़ रहा। जेवी-आईआईबीएमबी का कारोबार 31 मार्च 2024 तक रु 414.65 करोड़ रहा।

ट्रेजरी परिचालन व निवेश

ट्रेजरी परिचालन

निवेश की बिक्री पर लाभ 2023-24 के दौरान 272.44 करोड़ रुपये (2021-22 के दौरान 249.86 करोड़ रुपये) लेखा श्रेणी अंतरण से पहले 256.38 करोड़ रुपये का नुकसान था, जबकि पिछले वर्ष यह 137.57 करोड़ रुपये था। विदेशी मुद्रा व्यापार से विनिमय पर लाभ पिछले वर्ष के 536.65 करोड़ रुपये की तुलना में 161.57 करोड़ रुपये रहा।

निवेश

बैंक का निवल निवेश 31 मार्च 2024 को रु. 95,476.65* करोड़ रुपए जबकि 31 मार्च 2023 को यह 94,170.41 करोड़ रुपए था। प्रतिभूतियों की बिक्री और विनिमय पर लाभ सहित कुल लाभ रु. वर्ष 2022-23 के दौरान रु. 786.51 करोड़ की तुलना में वर्ष 2023-24 के दौरान 434.01 करोड़ रहा । वर्ष के दौरान 10-वर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल 7.31% से घटकर 7.05% हो गया है।

* सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रमाणित अनुसूची 8 के अनुसार निवेश केवल ट्रेजरी (देशीय) से संबंधित है।

ट्रेजरी परिचालन (विदेशी)

2023-24 के दौरान निवेश (विदेशी केंद्र) की बिक्री पर लाभ 0.80 करोड़ रुपये था। विदेशी मुद्रा व्यवसाय से विनिमय पर लाभ 31.03.2024 को 27.64 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 27.20 करोड़ रुपये था।

निवेश (विदेशी)

31 मार्च 2024 को बैंक (विदेशी केद्र) का निवल निवेश रु. 4155.42 करोड़ रहा। वर्ष 2023-24 के दौरान प्रतिभूतियों की बिक्री और विनिमय पर लाभ सहित कुल लाभ रु. 29.51 करोड़ रहा।

एमएसएमई निष्पादन

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रसार और विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए, भारत सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 (एमएसएमईडी अधिनियम 2006) को अधिनियमित किया। यह अधिनियम 02.10.2006 से लागू हो गया और दिनांकित 26 जून 2020 की राजपत्र अधिसूचना संख्या सीजी-डीएल-ई-26062020-220191 द्वारा नए मानदंड को और अधिसूचित किया गया।

आरबीआइ ने अपने सूचना पत्र संख्या आरबीआइ/2020-21/10 एफआईडीडी.एमएसएमई एंड एनएफएस.बीसी.सं.3/06.02.31/2020-21, दिनांक 02.07.2020 ने एमएसएमई के रूप में उद्यमों के वर्गीकरण के लिए संशोधित दिशानिर्देशों के बारे में सूचित किया है जो जुलाई 01, 2020 से प्रभावी रूप से लागू हो गए हैं।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की परिभाषा के संबंध में आरबीआइ परिपत्र संख्या आरबीआइ/2021-2022/67एफआईडीडी.एमएसएमई एंड एनएफएस.बीसी.सं.13/06.02.31/2021-22 दिनांकित 07.07.2021 - खुदरा और थोक व्यापार को जोड़ा

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की विभिन्न श्रेणियों को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

वर्ग	संयत्र व मशीनरी में निवेश /उपकरण लागत (डबल्यूडीवी)	टर्नओवर
सूक्ष्म	₹1.00 करोड़ तक	₹5.00 करोड़ तक
लघु	₹1.00 करोड़ से ऊपर व ₹10.00 करोड़ तक	₹5.00 करोड़ से ऊपर व ₹50.00 करोड़ तक
मध्यम	₹10.00 करोड़ से ऊपर व ₹50.00 करोड़ तक	₹50.00 करोड़ से ऊपर व ₹250.00 करोड़ तक
विनिर्माण एवं सेवा उपक्रमों के लिए निवेश एवं टर्नओवर की शर्तें एक समान कर दी गई हैं		

भारतीय रिज़र्व बैंक ने परिपत्र संख्या आरबीआइ/2021-2022/100 एफआइडीडी. एमएसएमई व एनएफएस.बीसी.सं. 13 /06.02.31 /2023-24 दिनांकित 28.12.2023 के माध्यम से स्पष्ट किया है कि पीएसएल वर्गीकरण के लिए उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य है। 75% से अधिक एमएसएमई पोर्टफोलियो पीएसएल श्रेणी के तहत वर्गीकरण के लिए योग्य हैं और हम सभी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों के लिए उद्यम सहायता संख्या (यूएएन) प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

31 मार्च, 2024 तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को ऋण का हिस्सा 41552 करोड़ रुपये था, जिसमें साल-दर-साल 19% की वृद्धि दर्ज की गई।

बैंक ने 5079.45 करोड़ रुपये की राशि के 508883 नए प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ऋण स्वीकृत किए हैं और 4500 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 31 मार्च 2024 तक 5041.26 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। मुद्रा सुविधा डेस्क बनाया गया है और सभी शाखाओं में मुद्रा नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत 31.86 करोड़ रुपये की राशि के 240 ऋण स्वीकृत किए हैं।

बैंक ने 182031 पीएम स्वनिधि आवेदनों को 243.06 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है और योजना शुरू होने की तारीख यानी 02.07.2020 से 31.03.2024 तक 194.40 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

बैंक ने सीजीएफएमयू योजना से गारंटी कवर के तहत मुद्रा योजना (रु. 10.00 लाख तक की ऋण राशि) के तहत स्वीकृत सभी खुदरा व्यापार अग्रिमों को सुरक्षित करने के लिए एनसीजीटीसी के सदस्य ऋणदाता संस्थान के रूप में नामांकित कराया है। 31 मार्च, 2024 तक, हमने सीजीएफएमयू योजना के तहत 1707.76 करोड़ रुपये के जोखिम वाले 71108 खातों को कवर किया है।

बैंक ने आरबीआइ के नए ढांचे के तहत "एमएसएमई के पुनरुद्धार और पुनर्वास पर नीति" भी लागू की है और तनाव के तहत एमएसएमई इकाइयों को राहत देने पर विचार करने के लिए सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में समितियों का गठन सुनिश्चित किया है।

विशेषीकृत एमएसएमई एवं केंद्रित शाखाएं

विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने पूरे भारत में 22 विशिष्ट एसएमई शाखाएं खोली हैं। इसके अलावा, हमने एमएसएमई विकास क्षमता वाली 144 एमएसएमई शाखाओं की पहचान की है और उन्हें एमएसएमई केंद्रित शाखाओं के रूप में नामित किया है।

1. ये शाखाएँ आवश्यक बुनियादी ढाँचे और कर्मचारियों की उचित व्यवस्था से सुसज्जित हैं।
2. हमने एमएसएमई ऋण पर शाखा प्रमुखों/क्रेडिट अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है।
3. हमने सभी शाखाओं में एक एमएसएमई संबंध अधिकारी नामित किया है।
4. विशेष लक्ष्य निर्धारित करना तथा प्रगति की नियमित निगरानी करना।

लीड जेनरेशन

शाखाओं को स्टैंडअपमित्र/उद्यमीमित्र पोर्टल पर बैंक को चिह्नित किए गए आवेदनों को देखने और प्राप्त करने के लिए लॉगिन सुविधा प्रदान की गई है। आइओबी में ऑनलाइन शाखाओं को जीएसटी लीड का प्रसंस्करण और अंकन प्रदान किया गया है और इस प्रकार आवेदनों का त्वरित प्रसंस्करण और निपटान सुनिश्चित किया गया है। हम उनके आपूर्तिकर्ताओं/रिश्तेदारों/दोस्तों आदि से संपर्क करके और अपनी सेवाओं की पेशकश करके मौजूदा ग्राहक आधार के माध्यम से व्यवसाय की मांग कर रहे हैं।

फील्ड स्तर पर पदनामित एमएसएमई अधिकारी

बैंक ने कई कदम उठाए हैं और सभी स्तरों पर एमएसएमई क्रेडिट प्रस्तावों को संसाधित करने के लिए टर्नअराउंड समय (टीएटी) को कम किया है। बैंक ने एमएसएमई ऋणों की त्वरित स्वीकृति और एनपीए खातों के अनुवर्ती कार्रवाई की सुविधा के लिए सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में एमएसएमई नोडल अधिकारी नामित किए हैं।

सभी शाखाओं (एकल व्यक्ति वाली शाखाओं को छोड़कर) में एमएसएमई विपणन अधिकारियों की पहचान/पदनामित कर दिया गया है। क्षेत्रीय कार्यालयों में विपणन अधिकारी/एमएसएमई नोडल अधिकारी सभी शाखाओं/ग्राहकों के साथ समन्वय कर रहे हैं।

प्रशिक्षण एवं विकास

बैंक तमिलनाडु और केरल राज्यों में फैले 12 आरसेटी में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहा है, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला लाभार्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण/हैंड होल्ड सहायता प्रदान कर रहा है और मुद्रा/स्टैंड अप इण्डिया योजनाओं के तहत क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से उनकी वित्तीय जरूरतों के लिए भी सहायता कर रहा है और उन्हें लाभकारी रोजगार लेने में सुविधा प्रदान कर रहा है।

बैंक ने प्रतिष्ठित संगठनों जैसे एनआईबीएम / बीक्यू ग्लोबल के साथ टाई-अप व्यवस्था की है और नियमित रूप से स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। बैंक पूरे भारत में कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्रों में कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहा है और एमएसएमई नियामक दिशानिर्देशों, योजनाओं और सरकार के बारे में कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा कर रहा है। प्रायोजित योजनाएं जैसे मुद्रा, स्टैंड अप इण्डिया, पीएमईजीपी आदि, नियमित आधार पर आरबीआइ द्वारा आयोजित एनएएमसीएबीएस कार्यशालाओं में कर्मचारियों को नामांकित कर रहा है।

psbloansin59minutes.com

बैंक ने www.psbloansin59minutes.com पोर्टल में फाइनेंसर के रूप में प्रवेश किया है। यह प्लेटफॉर्म 500.00 लाख रुपये तक के एमएसएमई ऋण प्रस्तावों को संभालता है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म 10 लाख रुपये तक के मुद्रा लोन को हैंडल करता है। हम अपने सभी मौजूदा और साथ ही नए ग्राहकों को जीएसटी के तहत पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और अपनी क्रेडिट जरूरतों को पूरा करने के लिए प्लेटफॉर्म पर आने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

जन समर्थ पोर्टल

बैंक ने जन समर्थ पोर्टल - सभी क्रेडिट लिंक्ड सरकारी योजनाओं (आत्मनिर्भर परियोजना) के लिए राष्ट्रीय पोर्टल पर ऑन-बोर्ड किया है। मंच 13 केंद्र सरकार की योजनाओं की सुविधा देता है।

टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म के जरिए बिल डिस्काउंटिंग

बैंक ने आरएक्सआईएल, ए ट्रेड और एम1एक्सचेंज के साथ करार किया है और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में एमएसएमई की प्राप्य राशि के लिए टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म में भाग लेते हुए सदस्य के रूप में नामांकित किया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में, टीआरईडीएस लेनदेन से निपटने के लिए नामित शाखाओं की संख्या भी पांच से नौ शाखाओं तक बढ़ गई। 31.03.2024 तक सभी टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म के तहत बकाया 6377.00 करोड़ रुपये था।

सह-उधार

बैंक ने सह-उधार पर नीति तैयार की है और सह-उधार व्यवस्था के लिए तकनीकी सहायता और परेशानी मुक्त संवितरण प्रदान करने के लिए नाइट फिनटेक को डिजिटल भागीदार के रूप में शामिल किया है।

बैंक ने एमएसएमई ऋण के लिए निम्नलिखित एनबीएफसी के साथ सह-ऋण व्यवस्था में प्रवेश किया है।

- मेसर्स वेदिका क्रेडिट कैपिटल लिमिटेड
- मेसर्स यूग्रो कैपिटल लिमिटेड
- इलेक्ट्रॉनिका फाइनेंस लिमिटेड
- इनक्रेड फाइनेंशियल लिमिटेड
- इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट्स लिमिटेड, एमएसएमई
- आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड
- सीएसएल फाइनेंस लिमिटेड
- एस के फाइनेंस लिमिटेड

बैंक ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कैप्री गोल्ड और आईआईएफएल के साथ साझेदारी में ऋण स्वीकृत और वितरित किया है।

क्लस्टर फाइनेंस

बैंक ने पूरे भारत में बारह संभावित समूहों की पहचान की है, एमएसएमई ऋण को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं तैयार की हैं और ऐसे और समूहों की पहचान करने की प्रक्रिया में है।

सेरामिक उद्योग	मोरवी, गुजरात
कपड़ा उद्योग	कोयंबत्तूर, तमिलनाडु
इंजीनियरिंग गुड्स	कोयंबत्तूर, तमिलनाडु
ऑटो कंपोनेंट्स	चेन्नै / काँचीपुरम, तमिलनाडु
ऑटो कंपोनेंट्स	एनसीआर दिल्ली
इंजीनियरिंग एंड पैकेजिंग	एनसीआर दिल्ली
प्लाईवुड उद्योग	पेरुंबवूर, केरल
होज़री / कपड़ा	लुधियाना, पंजाब
ऑटो / बाइ-साइकिल कंपोनेंट्स	लुधियाना, पंजाब
टेक्सटाइल क्लस्टर	सूरत, गुजरात
टेक्सटाइल क्लस्टर	तिरुचिगोड, तमिल नाडु
ऑटो कंपोनेंट्स	होसुर व कृष्णागिरी, तमिल नाडु

आइओबी ऑनलाइन में एमएसएमई पोर्टल

नवीनतम जानकारी के साथ शाखाओं / क्षेत्रों की सुविधा के लिए एमसएसएमई से संबंधित बैंक / विनियामक दिशानिर्देशों पर सभी नवीनतम अद्यतन के साथ आइओबी ऑनलाइन में विशेष एमएसएमई पोर्टल बनाया गया है।

डिजिटल एवं तकनीकी पहलें

विभाग द्वारा निम्नलिखित तकनीकी एवं डिजिटल पहलें की गई हैं

ऋण आवेदन पंजीकरण के साथ ई-ट्रैकिंग

बैंक ने ई-ट्रैकिंग सुविधा के साथ ऋण आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया है। सिस्टम के माध्यम से सभी ऋण आवेदनों को दर्ज करना अनिवार्य है। सिस्टम एक विशिष्ट आईडी संख्या उत्पन्न करता है, जिसे प्रस्तावों की स्थिति को ट्रैक करने के लिए सभी प्रस्तावों में शामिल किया जाना है। सिस्टम निकट अनुवर्ती/निगरानी के लिए प्राधिकरण के सभी स्तरों पर एसएमएस अलर्ट, ई-मेल अनुस्मारक उत्पन्न करता है और अस्वीकृति को रोकने के अलावा टीएटी में सुधार करने की सुविधा प्रदान करता है।

➢ **रु 10.00 लाख तक के ऋणों का आटोमेशन**

बैंक ने रु. 10.00 लाख तक की ऋण राशि के लिए एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण को स्वचालित किया है और इसे सीबीएस प्रणाली (फिनेकल) के साथ शुरू से अंत समाधान के साथ एकीकृत किया है। प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ता को डेटा शीट में आवश्यक बुनियादी जानकारी दर्ज करके रेटिंग, निरीक्षण रिपोर्ट, प्रक्रिया नोट, स्वीकृति, दस्तावेज़ीकरण, ऋण मास्टर निर्माण आदि उत्पन्न करने के लिए समर्थन करता है। यह उधार देने के संरचित तरीके को सुगम बनाता है और नीतिगत दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है, कम टर्नअराउंड टाइम (टीएटी) के साथ प्रस्तावों का त्वरित निपटान करता है। 10.00 लाख रुपये तक के सभी ऋण पूरी तरह से स्वचालित हैं।

➢ **आइओबी एसएमई ईज़ी और आइओबी ईटीएफ योजनाओं के अंतर्गत ऋणों की ऑनलाइन प्रक्रिया**

चालू वित्त वर्ष के दौरान बैंक ने आइओबी एसएमई ईज़ी योजना और आइओबी ईटीएफ योजना के तहत 10.00 लाख रुपये से 5.00 करोड़ रुपये तक के प्रस्ताव की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है। प्लेटफॉर्म को स्वचालित आंकलन असेसमेंट, रेटिंग, ऑफिस नोट सृजित करने और स्वीकृति के साथ डिजाइन किया गया है।

- **ऋण आवेदन पंजीकरण के लिए डिजिटल चैनल की शुरुआत**

  इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एसएमएस, मिस्ड कॉल, आईवीआर और बैंक वेबसाइट एमएसएमई ऋण के लिए आवेदन सक्षम कर रहे हैं। ये चैनल हर महीने करीब 1100 लीड बना रहे हैं।

- **एमएसएमई ऋण लीड्स के लिए समर्पित कॉल सेंटर**

  हमने कॉल सेंटर के कार्यकारी नियुक्त किए हैं और उनकी सेवाओं का उपयोग सौंपे गए टीएटी के आधार पर लीड्स को संभालने के लिए किया जाता है। मौके पर पात्रता जांच और ग्राहक की पसंद के आधार पर शाखाओं में आवेदन भेजने के साथ दैनिक आधार पर करीब 50 लीड्स को हैंडल किया जा रहा है।

- **ऋण आवेदनों के लिए नए चैनल**

  बैंक ऋण आवेदन के लिए व्हाट्सएप बैंकिंग व चैट बॉट सहायता शुरू करने की प्रक्रिया में है। ये चैनल ऋण अनुरोधों के सुचारू हस्तांतरण के लिए विश्लेषण आधारित प्रणाली का उपयोग करेंगे।

- **एलओएस व एलएमएस**

  बैंक परिष्कृत एलओएस और एलएमएस लाने की प्रक्रिया में है और पहले चरण में कुछ एमएसएमई ऋण कवर किए जाएंगे। यह पहल ग्राहकों के वास्तविक समय अधिग्रहण के साथ हमारे एमएसएमई सेगमेंट को बढ़ावा देगी।

रिटेल बैंकिंग

रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो के तहत कुल बकाया मार्च 2023 के 42400 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 तक 48514 करोड़ रुपये हो गया । बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 14.42% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई। घरेलू अग्रिमों में कुल खुदरा हिस्सेदारी 24.17% है।

आवास ऋण पोर्टफोलियो ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 14.53% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 25288 खातों को 7216.17 करोड़ रुपये की राशि के नए आवास ऋण स्वीकृत किए गए, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 24872 खातों की राशि 6398.80 करोड़ रुपये थी। 31.03.2023 को कुल संवितरण 6236.32 करोड़ रुपये था जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 6998 करोड़ रुपये हो गया है।

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त 7.42% वृद्धि की तुलना में वाहन ऋण पोर्टफोलियो ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 19.73% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की है।

बंधक ऋण पोर्टफोलियो में 42.24% की वृद्धि देखी गई है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान व्यक्तिगत ऋण पोर्टफोलियो में 35.50% और आभूषण ऋण पोर्टफोलियो में 40.15% की वृद्धि देखी गई है।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति को लागू करने के लिए सभी प्रयास किए हैं। बैंक राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्मित वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। वर्ष के दौरान आयोजित सामान्य हिंदी कार्यशालाओं में हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले 853 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, बैंक ने सभी प्रशासनिक कार्यालयों और शाखाओं के सभी कंप्यूटरों में हिंदी यूनिकोड फ़ॉन्ट प्रतिष्ठापित कर दिया है। हमारी गृह हिंदी पत्रिका **वाणी** के चार अंक प्रकाशित हुए और जिसे डिजिटल रूप में बैंक की वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया। बैंक ने 14 और 15 जुलाई 2023 को स्टाफ महाविद्यालय, चेन्नै में राजभाषा अधिकारियों के लिए अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता हमारे एमडी व सीईओ ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह मंत्रालय की सचिव सुश्री अंशुली आर्या भी शामिल हुईं। उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन करने वाले क्षेत्रीय कार्यालयों एवं शाखाओं को राजभाषा शील्ड योजना के तहत पुरस्कृत किया गया। साथ ही जिन क्षेत्रीय कार्यालयों में ई-पत्रिका का प्रकाशन उत्कृष्ट हुआ था, उन्हें भी उक्त सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया।

हमारे बैंक को राजभाषा कार्यान्वयन और पत्रिका हेतु किए गए प्रयासों के प्रमाणन के रूप में, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्रतिष्ठित **राजभाषा कीर्ति** प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने ग्रहण किया। हमारे एमडी व सीईओ को गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित 15 सितंबर 2023 को पुणे (महाराष्ट्र) में तीसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान **नराकास - राजभाषा कार्यान्वयन का प्रभावशाली मंच** विषय पर 10,000 प्रतिभागियों को संबोधित करने का अवसर मिला। हमारे क्षेत्रीय कार्यालय गोवा ने क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, भारत सरकार से दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन हेतु हमारे 33 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं शाखाओं को संबंधित नराकास से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। हमारे 25 क्षेत्रीय कार्यालयों का राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में वार्षिक निरीक्षण राजभाषा विभाग, केंद्रीय कार्यालय द्वारा किया गया।

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति ने क्रमशः 18 अप्रैल 2023, 24 मई 2023, 14 जून 2023, 13 सितंबर 2023, 04 अक्टूबर 2023, 08 जनवरी 2024, 10 जनवरी 2024, 12 फरवरी 2024 और 15 फरवरी 2024 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, क्षेत्रीय कार्यालय एनसीआर दिल्ली, क्षेत्रीय कार्यालय पुणे, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, राजकोट शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद, क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई और क्षेत्रीय कार्यालय गोवा का निरीक्षण किया। उक्त समिति ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उन केंद्रों पर हो रहे कार्यों के प्रति संतोष प्रकट किया।

बैंक ने हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्टाफ सदस्यों के लिए 18 सितंबर 2023 को एक अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। बैंक ने दिसंबर 2023 में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के स्टाफ सदस्यों के लिए एक अंतर-बैंक अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। उक्त प्रतियोगिता के पुरस्कृत आलेखों को संकलित कर **निबंध संचय भाग-2** पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किया गया। हमने **फिनेकल मेनू सहायिका** भी प्रकाशित की है, जिसमें फिनेकल मेनू के कमांड और उनके उपयोग का वर्णन है। 10 जनवरी 2024 को केंद्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की गईं। 10 फरवरी 2024 को बैंक के 88वें स्थापना दिवस समारोह पर क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। केंद्रीय कार्यालय ने 21 फरवरी 2024 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर कार्यपालकों के लिए **सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में भारतीय भाषाएं** विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

हमारे बैंक ने जनवरी 2021 में राजभाषा का उत्कृष्ट कार्यान्वयन करने वाले स्टाफ सदस्यों के लिए नकद प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, प्रत्येक छमाही के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट कार्यान्वयन करने वाले स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहन स्वरुप रु. 1,000 राशि एवं प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है। इस योजना के अनुसार प्रत्येक छमाही के दौरान केंद्रीय कार्यालय से 12 स्टाफ सदस्यों और प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय से 3 स्टाफ सदस्यों और संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाली शाखाओं से 6 स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहन राशि और प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, इस योजना के तहत कुल 620 स्टाफ सदस्यों को नकद प्रोत्साहन और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

हमारे बैंक में इंड एएस के कार्यान्वयन की स्थिति

भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने इंड एएस (भारतीय लेखा मानक) लागू करने की प्रक्रिया में है। भारिबैं ने 22 मार्च 2019 के परिपत्र डीबीआर.बीपी.बी.सी.सं 29/21.07.001/2018-19 के माध्यम से इंड एएस के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया है। हालाँकि, आरबीआइ को सभी बैंकों से हर आधे साल में प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरण जमा करने की आवश्यकता होती है। आरबीआइ के निर्देशानुसार, बैंक ने कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में एक परियोजना संचालन समिति का गठन, बैंक में इंड एएस के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए किया गया है। बैंक परियोजना संचालन समिति की मंजूरी के बाद नियमित रूप से अर्धवार्षिक आधार पर आरबीआइ को प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरण जमा कर रहा है।

पीएसबी के लिए -सुधार एजेंडा-ईज़ -एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस

ईज़ सुधार एजेंडा 2018 में डीएफएस के मार्गदर्शन में आईबीए द्वारा लॉन्च किया गया था। ईज़ सुधार एजेंडा सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के बीच परिचालन और क्षमता अंतर को पाटने पर केंद्रित है। ईज़ कार्यक्रम हर साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए एक सामान्य सुधार एजेंडा निर्धारित करता है। ईज़ का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में लाभप्रदता, संपत्ति की गुणवत्ता, ग्राहक सेवा और डिजिटल क्षमताओं में सुधार के लिए नए युग के सुधारों को बढ़ावा देना है। **एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस** (ईज़) कार्यक्रम ने डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेशन, डिजिटाइजेशन, टेक्नोलॉजी, एसेट क्वालिटी इम्प्रूवमेंट, रिज़ल्ट सेंट्रिक एचआर और पूर्णत: गवर्नेंस पर जोर दिया गया है। ईज़ रिफॉर्म्स एजेंडा का सभी पीएसबी' यों में प्रदर्शन, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है।

ईज़ 6.0 वित्तीय वर्ष 2024 के लिए पेश किया गया जो 4 विषयों पर केंद्रित है:

1. डिजिटल सक्षमता के साथ ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता प्रदान करना।
2. डिजिटल और एनालिटिक्स संचालित व्यवसाय सुधार।
3. तकनीक और डेटा सक्षम क्षमता निर्माण।
4. लोगों का विकास करना और एचआर संचालन को बढ़ाना।

बैंक ने ईज़ 6.0 कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया है और ईज़ रिफार्म इंडेक्स के तहत बेहतर प्रदर्शन दिखाने के लिए आवश्यक पहल की है।

पुरस्कार एवं सम्मान:

- बैंक को वित्त वर्ष 2023 के लिए ईज़ 5.0 के तहत दूसरे सर्वश्रेष्ठ टॉप इम्प्रूवर और अर्लीएस्ट क्लैरिफिकेशन क्लोजर में दूसरे सर्वश्रेष्ठ के रूप में मान्यता दी गई है।
- ईज़ सुधार एजेंडा के तहत बैंक की रैंकिंग सुधरकर 9वें स्थान पर पहुंच गई।

प्रायोजना एवं आर्थिक डेस्क:

योजना कार्य क्षेत्रवार मासिक लाभ और हानि आंदोलन की निगरानी, कॉरपोरेट स्तर के बजट, अनंतिम दैनिक एमआईएस को शीर्ष प्रबंधन और विभिन्न अध्ययन विश्लेषण रिपोर्ट करने के लिए उपयोगी परिणाम प्राप्त करना जारी रखता है। आर्थिक डेस्क नियमित अंतराल पर सरकार/ आरबीआइ नीतियों का विश्लेषण करने के अलावा, अर्थव्यवस्था में दिन-प्रतिदिन के विकास के साथ शीर्ष प्रबंधन का समर्थन करता है।

नए विकास:

शाखाओं की मांग और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और बाजार में अन्य बैंकों की पेशकश के अनुरूप एवं हमारे उत्पाद को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए, हमने इनपुट एकत्र किए हैं और उपयुक्त संशोधन किए हैं और देयता योजनाओं को नया रूप दिया है और उन्हें एक प्रतिस्पर्धी उत्पाद के रूप में बाजार में पेश किया है।

1. पुनर्गठित एसबी योजनाएं

ए) मौजूदा और नए ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने और बदलते उद्योग रुझानों के अनुरूप होने के लिए, हमने अपनी मौजूदा बचत खाता योजनाओं को नया रूप दिया है।

बी) बचत खाता योजना को नया स्वरूप देने का उद्देश्य समान विशेषताओं वाली बड़ी संख्या में योजनाओं को कम करना/विलय करना और मौजूदा उद्योग प्रवृत्ति के अनुरूप उन योजनाओं में अधिक आकर्षक गतिशील विशेषताएं जोड़ना था।

2. आइओबी रेरा चालू खाता

रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक प्रमोटर को रेरा के तहत खुद को पंजीकृत करने के लिए एक अलग बैंक खाता खोलने की आवश्यकता होती है, जिसे रेरा नामित/प्रोजेक्ट खाता कहा जाता है। आरईआरए खाता, रेरा अधिनियम 2016 के प्रावधानों और दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए रीयलटर्स के लिए एक विशेष चालू खाता योजना है।

प्रमोटरों/रियलटर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए, हमने आइओबी रेरा चालू खाता योजना शुरू की है।

3. आइओबी स्वतंत्र बचत और चालू खाता

क) गतिशील बैंकिंग उद्योग की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए और नवीन उत्पादों की पेशकश के संदर्भ में, बचत खाते और चालू खाते का एक सदस्यता-आधारित मॉडल पेश किया गया है।

बी) यह उत्पाद ग्राहकों को बिना किसी न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता के देश भर में एटीएम तक असीमित पहुंच, अतिरिक्त शुल्क के बारे में चिंताओं से मुक्त और आकर्षक सुविधाओं के बंडल प्रदान करता है। व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज रुपये 10.00 लाख का बचत और चालू खाते दोनों में उपलब्ध है।

ग) बचत खाता योजना के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क रुपये 1600/- रुपये (केवल एक हजार छह सौ रुपये) (जीएसटी सहित) और चालू खाता योजना के लिए 3000/- (केवल तीन हजार रुपये) (जीएसटी सहित) है।

4. आइओबी हरित जमा योजना

जलवायु परिवर्तन को 21वीं सदी में वैश्विक समाज और अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक माना गया है। वित्तीय क्षेत्र हरित गतिविधियों/परियोजनाओं में संसाधन जुटाने और उनके आवंटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारा बैंक कम उत्सर्जन और पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों को प्रोत्साहित करके और ऐसी परियोजनाओं को वित्तपोषित करके एक स्थाई दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नियामक ढांचे के हिस्से के रूप में, हमारे बैंक ने आइओबी ग्रीन डिपॉजिट योजना शुरू की है और योजना के तहत स्वीकार की गई सभी जमा राशि का उपयोग हरित गतिविधियों और परियोजनाओं के वित्तपोषण और देश में हरित वित्त पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए किया जाएगा।

5. टेब आधारित बैंकिंग का परिचय

ए) डिजिटल परिवर्तन के हिस्से के रूप में, हमारे बैंक ने बचत खाते खोलने के लिए एक ग्राहक ऑनबोर्डिंग समाधान शुरू किया है। खाता खोलने की प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए, एकीकृत वेब कैमरा और फिंगरप्रिंट स्कैनर के साथ टैब गैजेट के माध्यम से आधार बायोमेट्रिक आधारित तत्काल खाता खोलने की शुरुआत की गई है।

बी) एप्लिकेशन को यूआईडीएआई और एनएसडीएल के साथ एकीकृत किया गया है जिससे ग्राहक को आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और पैन सत्यापन के माध्यम से पहचानने की सुविधा मिलती है। स्वचालित खाता खोलने के लिए प्रक्रिया को कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (फिनेकल) के साथ एकीकृत किया गया है।

जनसंपर्क

प्रेस विज्ञप्ति और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इंटरेक्शन

विभाग मैसर्स कॉन्सेप्ट पब्लिक रिलेशंस इंडिया लिमिटेड के साथ फरवरी 2024 तक और 01 मार्च 2024 से मेसर्स वेरिटास रेपुटेशन पी लिमिटेड के साथ समन्वय कर, 48 स्टैंडअलोन प्रेस विज्ञप्तियां प्रसारित कीं और 7 इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इंटरैक्शन आयोजित किए।

विज्ञापन, प्रचार और अन्य गतिविधियाँ

बैंक ने विज्ञापन और प्रचार के लिए प्रिंट, ऑनलाइन विज्ञापन, एफएम रेडियो, चेन्नै मेट्रो ट्रेन, होर्डिंग और सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग किया है। वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने विज्ञापन (नियामक और गैर नियामक) पर 83.19 लाख रुपये और प्रचार पर 1.22 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

डीएफएस के निर्देशानुसार, निम्नलिखित कार्यक्रम बैंक द्वारा केंद्रीयकृत रूप से आयोजित की गईं:

- अप्रैल से अगस्त 2023 - आज़ादी का अमृत महोत्सव - भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पर उत्सव विभाग ने तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, तमिल भाषी क्षेत्रों में ग्राहक बैठक और बिजनेस मीट आयोजित करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ समन्वय किया। एंकर और गैर-एंकर महीनों के लिए एकएएम घटनाओं पर रिपोर्ट डीएफएस को प्रस्तुत की गई थी।
- 14 जून 2023 - विश्व रक्तदाता दिवस-2023 मनाया गया, और हमारे एमडी और सीईओ ने विश्व रक्तदाता दिवस की शपथ दिलाई।
- 13 से 15 अगस्त 2023 - पूरे भारत में हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया।
- 15 अगस्त 2023 - पूरे भारत में 25 चयनित शाखाओं में विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस आयोजित किया गया।
- 02 अक्टूबर 2023 - माउंट रोड में मरीना बीच और पार्क की सफाई द्वारा स्वच्छता है सेवा अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया
- 26 नवंबर 2023 - संवैधानिक दिवस पर एमडी और सीईओ द्वारा शपथ दिलाई गई
- 26 जनवरी 2024 - बैंक ने हमारे केंद्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। शीर्ष प्रबंधन, कार्यपालकगण और स्टाफ सदस्य केंद्रीय कार्यालय में ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए।
- 08 मार्च 2024 - भारत में सभी शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।
- बैंक ने एसएलबीसी के साथ समन्वय में विकसित भारत संकल्प का नेतृत्व किया। 2047 तक विकसित भारत की दिशा में पीएमस्वनिधि, मुद्रा, पीएमएफएमई जैसी योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने की पहल की।

<u>अन्य गतिविधियां</u>

- 21 से 28 जुलाई 2023 - पूरे भारत में अनुपालन जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।
- 15 अगस्त 2023 - द हिंदू - अंग्रेजी समाचार पत्र में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रकाशित।
- 30 अक्टूबर 2023 से 05 नवंबर 2023 - बैंक द्वारा सीवीसी दिशानिर्देशों के तहत दिशानिर्देशों के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2023 का आयोजन किया गया, जिसमें बेसेंट नगर बीच पर वॉकथॉन भी शामिल है।
- 10 फरवरी 2024 - एफएम रेडियो स्टेशनों के माध्यम से 88वें स्थापना दिवस समारोह पर प्रसारित विज्ञापन के साथ-साथ सोशल मीडिया पर विशेष लाइव एक्शन वीडियो पोस्ट किया गया।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान आयोजित निम्नलिखित संसदीय (लोकसभा और राज्यसभा) समिति की बैठकों की मेजबानी की/ भाग लिया

- विकास संबंधी उद्योग विषयक संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा 9 अप्रैल 2023 को मुंबई में।
- सरकारी आश्वासन समिति, राज्यसभा का अध्ययन दौरा 17 मई 2023 को चेन्नै में
- लोकसभा की अधीनस्थ विधान समिति का अध्ययन दौरा 19 मई 2023 को ऊटी में
- सरकारी आश्वासन समिति (2022-23), राज्यसभा का अध्ययन दौरा 03 जुलाई 2023 को चेन्नै में
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता पर स्थायी समिति (2022-23) का अध्ययन दौरा कार्यक्रम 06 जुलाई 2023 को कोयंबटूर में
- लोकसभा की प्राक्कलन समिति का मौके पर अध्ययन दौरा 19 अगस्त 2023 को रामेश्वरम में
- वित्त पर स्थायी समिति (2022-23) का अध्ययन दौरा 21 अगस्त 2023 को चेन्नै में
- ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर स्थायी समिति का अध्ययन दौरा 26 अगस्त 2023 को चेन्नै में
- लोक लेखा समिति (2023-24) का अध्ययन दौरा 04 अक्टूबर 2023 को गोवा में।
- संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर स्थायी समिति (2023-24) का अध्ययन दौरा 10 अक्टूबर 2023 को मुंबई में।
- विभाग से संबंधित संसदीय का अध्ययन दौरा 03 नवंबर 2023- श्रीनगर में।

- उद्योग संबंधी स्थायी समिति श्रम, कपड़ा और कौशल विकास पर स्थायी समिति का अध्ययन दौरा 04 नवंबर 2023 को स्वराज द्वीप (हैवलॉक द्वीप) में।
- अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति (2023-24) का अध्ययन दौरा 08 जनवरी 2024 को चेन्नै में।
- उद्योग संबंधी विभाग विषयक संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा 25 जनवरी 2024 को महाबलीपुरम में।

ए) सोशल मीडिया

- बैंक की ब्रांड छवि को बढ़ाने के लिए बैंक के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया। हमारी ब्रांड छवि को और बेहतर बनाने के लिए एक समर्पित सोशल मीडिया टीम का गठन किया गया है।
- 31 मार्च, 2024 तक, यूट्यूब पर हमारी ग्राहक संख्या - 3,60,203, फेसबुक - 1,14,718, इंस्टाग्राम - 86,631, एक्स - 40,936 और लिंक्डइन - 29,068 कुल 6,31,556 ग्राहक हैं।
- इसके अतिरिक्त, हम अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में पोस्ट के साथ अपने सोशल मीडिया चैनलों को नियमित रूप से अपडेट करने, अपने ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करने और अपने बैंक की मार्केटिंग विज़िब्लिटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, सोशल मीडिया पर 853 पोस्टर/फ्लायर्स/वीडियो पोस्ट किए गए और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त 533 ग्राहक शिकायतों पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया गया और 48 घंटों के भीतर उनका समाधान किया गया।

कॉरपोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंक ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर कुल 5.58 करोड़ रुपये खर्च किए, जिससे लगभग 176,695 लाभार्थियों को लाभ हुआ।

बैंकिंग क्षेत्र के लिए आउटलुक

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का संचयी लाभ मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में दूसरी बार 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। सभी 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का संचयी लाभ पिछले वित्तीय वर्ष मार्च 2023 में पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। उच्च ब्याज आय और गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के प्रबंधन में सुधार के कारण 2022-23 में अर्जित 1,04,649 करोड़ रुपये की तुलना में 12 पीएसबी का निवल लाभ 34.93% बढ़कर 1,41,203 करोड़ रुपये हो गया।

आगे बढ़ते हुए, बैंकिंग क्षेत्र में केंद्र द्वारा पूंजीगत व्यय में बड़ी वृद्धि, पीएलआई योजना द्वारा समर्थित एमएसएमई ऋण में वृद्धि और त्वरित ऋण मंजूरी और संवितरण के लिए फिनटेक के साथ साझेदारी के कारण खुदरा ऋण मांग में वृद्धि से दोहरे अंक की ऋण वृद्धि देखी जा सकती है। हालाँकि, ऋण लागत की तुलना में फंडिंग लागत में तेजी से वृद्धि के कारण बैंकों को निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर दबाव का सामना करना पड़ सकता है और उम्मीद है कि रेपो दर में कटौती का चक्र वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही से शुरू हो सकता है। बैंकों को विशेषकर कम लागत वाली कासा जमाओं में जमा राशि जुटाने में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जमा राशि जुटाने के लिए बैंकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा से बैंक का ब्याज खर्च ऊंचा रहेगा।

From
VISION
to
REALITY
IOB
STARTUP
CURRENT ACCOUNT
• DPIIT RECOGNITION OPTIONAL FOR ACCOUNT OPENING
• QAB WAIVER UPTO 18 MONTHS
• Free NEFT/RTGS/IMPS
For more information, please scan the code
T&C Apply
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
आपकी प्रगति का सच्चा साथी
Good people to grow with
www.iob.in
Follow us on @IOBIndia
1800 890 4445 | 1800 425 4445

कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट 2023-24

कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट 2023-24

अनिवार्य अपेक्षाएं

1. कॉरपोरेट गवर्नेंस पर बैंक का दर्शन

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक कॉरपोरेट गवर्नेंस के सिद्धांतों और महत्व को पहचानता है और न केवल वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन करता रहा है, बल्कि स्वेच्छा से मजबूत कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रथाओं के एक सेट का निर्माण और पालन करता है। बैंक ने हमेशा अपने सभी हितधारकों जैसे शेयरधारक, ग्राहक, सरकार और समाज के हितों को सर्वोत्कृष्ट सेवा देने लिए अथक प्रयास करता है। कॉरपोरेट गवर्नेंस पर बैंक का दर्शन सभी स्तरों पर प्रदर्शन के लिए उच्च स्तर की पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही प्रदान करना और व्यावसायिकता, सामाजिक जवाबदेही, सुदृढ़ कारोबारी प्रथाओं और इष्टतम दक्षता के माध्यम से उत्कृष्टता सुनिश्चित करना और प्राप्त करना है। इसने बदले में बैंक को शेयरधारकों के मूल्य को अधिकतम करने और उनके हितों की रक्षा के लिए उच्च स्तर की व्यावसायिक नैतिकता बनाए रखने में सक्षम बनाया है।

2. निदेशक मंडल:

बैंक का गठन समय-समय पर संशोधित बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, (राष्ट्रीयकरण अधिनियम) के तहत किया गया है। निदेशक मंडल की संरचना राष्ट्रीयकरण अधिनियम, यथासंशोधित और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, यथासंशोधित प्रावधानों द्वारा शासित होती है।

बोर्ड की जिम्मेदारियों में बैंक के समग्र कामकाज की निगरानी करना है, जिसमें शामिल है - व्यापार के परिचालन के लिए नीतियों की मंजूरी, व्यापार समीक्षा, लेखापरीक्षा और जोखिम कार्य की स्वतंत्रता का आंकलन करना, त्रैमासिक और वार्षिक वित्तीय परिणामों की विस्तृत जांच, एनपीए प्रबंधन और प्रावधान अखंडता, नियामक और वैधानिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, ग्राहक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, मानव संसाधनों का समग्र पर्यवेक्षण आदि, लेकिन यह यहीं तक सीमित नहीं है। बोर्ड ने विभिन्न उप-समितियों का गठन किया है और विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों के लिए अपनी शक्तियां बोर्ड की समितियों को सौंपी हैं। बोर्ड और उसकी समितियाँ समय-समय पर बैठक करती हैं।

क) संघटन:

बैंक का व्यवसाय, निदेशक मंडल में निहित है। एमडी व सीईओ और ईडी बोर्ड के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण के तहत कार्य करते हैं। 31.03.2024 तक दस निदेशकों की संख्या में तीन पूर्णकालिक निदेशक, 2 गैर- कार्यपालक निदेशक, 4 अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक और शेयरधारकों में से चुने गए 1 निदेशक शामिल हैं जो विधिवत रूप से उनके हित का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ई) और 9(3)(एफ) के तहत भारत सरकार द्वारा नामांकित किए जाने वाले श्रमिक कर्मचारी निदेशक और अधिकारी कर्मचारी निदेशक के पदों की आवश्यकता है।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (जी) के अनुसार, बोर्ड में एक निदेशक होगा जो कम से कम पंद्रह वर्षों तक चार्टर्ड अकाउंटेंट रहा हो, जिसे केंद्र सरकार द्वारा रिज़र्व बैंक के परामर्श से नामांकित किया जाएगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट निदेशक का पद 25.07.2019 से रिक्त है।

बैंक ने बोर्ड स्तर पर विभिन्न रिक्तियों को तत्काल भरने के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के साथ कदम उठाया है और केंद्र सरकार अन्य निदेशकों को नामित करने की प्रक्रिया में है । भारत सरकार द्वारा निदेशकों की नियुक्ति होने पर रिक्तियां भरी जाएंगी ।

ख) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कार्यरत निदेशकों के विवरण:

क्रमांक	निदेशक का नाम	पदनाम	निदेशकत्व की प्रकृति	नियुक्तियों की तिथि	वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति/ पद त्याग
1	श्री श्रीनिवासन श्रीधर	गैर- कार्यकारी अध्यक्ष व अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर- कार्यपालक	21.02.2024	--
2	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	प्रबन्ध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी	कार्यपालक / पूर्णकालिक	01.01.2023	--
3	श्री जयदीप दत्ता रॉय	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक / पूर्णकालिक	31.01.2024	--
4	श्री धनराज टी	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक / पूर्णकालिक	10.03.2024	--
5	सुश्री एस श्रीमती	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक / पूर्णकालिक	10.03.2021	09.03.2024
6	श्री संजय विनायक मुदालियर	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक / पूर्णकालिक	01.01.2023	30.01.2024
7	श्री कार्तिकेय मिश्रा	सरकार के नामित निदेशक	सरकारी गैर-कार्यपालक	25.10.2023	--
8	सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू	सरकार के नामित निदेशक	सरकारी गैर-कार्यपालक	22.07.2016	24.10.2023
9	श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता	आरबीआइ के नामित निदेशक	सरकारी गैर-कार्यपालक	14.07.2023	--
10	श्री विवेक अग्रवाल	आरबीआइ के नामित निदेशक	सरकारी गैर-कार्यपालक	25.02.2022	13.07.2023
11	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर- कार्यपालक	21.12.2021	--
12	श्री बी चंद्रा रेड्डी	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर-कार्यकारी	21.12.2021	--
13	श्री दीपक शर्मा	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	गैर- कार्यपालक	21.12.2021	--
14	श्री संजया रस्तोगी	शेयरधारक निदेशक	गैर- कार्यपालक	03.12.2021	--

31.03.2024 को बैंक के निदेशकों की प्रोफ़ाइल एक अनुबंध के रूप में संलग्न है।

यह घोषित किया जाता है कि कोई भी निदेशक एक-दूसरे से संबंधित नहीं है।

बोर्ड ने निदेशकों के लिए आचार संहिता अपनाई है और एमडी व सीईओ से आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि करते हुए एक घोषणा प्राप्त की गई है और घोषणा निम्नानुसार है।

"यह पुष्टि की जाती है कि बैंक ने सभी बोर्ड सदस्यों और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन (अर्थात महाप्रबंधकों) के लिए आचार संहिता निर्धारित की है और उक्त संहिता बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट की गई है। बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन ने आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।"

श्री प्रणय कुमार, सहायक महा प्रबंधक, बोर्ड के वर्तमान सचिव हैं।

ग) निदेशक मंडल के कौशल/ विशेषज्ञता/ क्षमता का विवरण

प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए बैंक व्यवसाय और क्षेत्रों के संदर्भ में आवश्यक मुख्य कौशल/विशेषज्ञता/दक्षताओं की पहचान की गई है	बोर्ड के पास उपलब्ध मुख्य कौशल/ विशेषज्ञता/दक्षताएं
बैंकिंग	हाँ

वित्त	हाँ
अर्थशास्त्र	हाँ
मानव संसाधन प्रबन्धन	हाँ
सूचना प्रौद्योगिकी	हाँ
ट्रेज़री प्रबन्धन	हाँ
विपणन	हाँ
जोखिम प्रबन्धन	हाँ

घ) बोर्ड की बैठकें:

बैठक की तारीख और स्थान के साथ-साथ कार्यसूची के कागजात सभी निदेशकों को काफी पहले ही सूचित कर दिए जाते हैं। निदेशकों के पास एजेंडे पर सभी अतिरिक्त जानकारी तक पहुंच है। आवश्यक स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए बैंक के अधिकारियों को भी बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बोर्ड की बैठकें तिमाही में कम से कम एक बार और वर्ष में कम से कम छह बार बैठकें आयोजित करने की आवश्यकता के मुकाबले 12 बार आयोजित की गईं।

बैंक ने 2012-13 से एक वेब आधारित ऑनलाइन वर्कस्पेस, बोर्ड पोर्टल के उपयोग के माध्यम से बोर्ड के सदस्यों को समय पर और निर्बाध सूचना प्रवाह सुनिश्चित करके बोर्ड और समिति की बैठकों के ई-संचालन के लिए एक ई-गवर्नेंस पहल की है। इसके बाद, वेब आधारित पोर्टल को ई-मीटिंग पोर्टल में स्थानांतरित कर दिया गया है जो वित्त वर्ष 2019-20 में मोबीट्रेल का एक उत्पाद है। यह पोर्टल एजेंडा पेपर्स के लिए वास्तविक समय के आधार पर आइ पैड्स पर निदेशकों की गोपनीय ई-एक्सेस प्रदान करता है। इस पहल ने बैठकें आयोजित करने के तरीके को बदल दिया है, जबकि लागत, समय और संसाधनों में पर्याप्त बचत हुई है। बैंक बोर्ड और बोर्ड स्तरीय समिति की बैठकों के पूर्ण स्वचालन को अपनाने की कगार पर है, जिसे पहले ही एक बोर्ड स्तरीय समिति के लिए पायलट आधार पर शुरू किया जा चुका है, जिसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 से अन्य सभी बोर्ड स्तरीय समिति की बैठकें इसी प्रकार से होंगी।

- **वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, बोर्ड की बैठकें निम्नलिखित तिथियों और स्थानों पर 11 बार आयोजित की गईं:**

क्रमांक	बैठक की तिथि	आयोजन का स्थान
1	11.05.2023	चेन्नै
2	12.05.2023	चेन्नै
3	23.06.2023	महाबलीपुरम
4	24.06.2023	महाबलीपुरम
5	02.08.2023	चेन्नै
6	03.08.2023	चेन्नै
7	05.09.2023	चेन्नै
8	11.10.2023	चेन्नै
9	27.10.2023	चेन्नै
10	20.12.2023	चेन्नै

क्रमांक	बैठक की तिथि	आयोजन का स्थान
11	24.01.2024	चेन्नै
12	12.03.2024	चेन्नै

सभी बैठकें उचित गणपूर्ति के साथ और बिना किसी स्थगन के आयोजित की गईं। जहां भी निदेशकों द्वारा अनुपस्थिति की छुट्टी का अनुरोध किया जा रहा है, अनुपस्थिति की छुट्टी चिह्नित की गई है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सभी बैठकें आंशिक/पूर्ण रूप से इलेक्ट्रॉनिक मोड में हुई हैं।

- **निदेशक मंडल की बैठकों और आयोजित अंतिम एजीएम में निदेशकों की उपस्थिति नीचे दी गई है:**

क्रमांक	निदेशक का नाम	उपस्थिति/आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या	पिछली एजीएम 07.07.2023 में उपस्थिति
1	श्री श्रीनिवासन श्रीधर	01/01	--
2	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	11/12	उपस्थित
3	श्री जयदीप दत्ता रॉय	01/01	--
4	श्री धनराज टी	01/01	--
5	सुश्री एस श्रीमती	08/11	उपस्थित
6	श्री संजय विनायक मुदालियर	10/11	उपस्थित
7	श्री कार्तिकेय मिश्रा	03/04	--
8	सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू	05/08	--
9	श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता	04/04	--
10	श्री विवेक अग्रवाल	07/08	
11	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	12/12	उपस्थित
12	श्री बी चन्द्रा रेड्डी	12/12	उपस्थित
13	श्री दीपक शर्मा	12/12	उपस्थित
14	श्री संजया रस्तोगी	12/12	उपस्थित

सेबी (एलडओडीआर) विनिमय, 2015 के विनियम 34 के सम्बन्ध में दिनांक 03.2024.13 को गैर- कार्यपालक निदेशकों द्वारा धारित शेयरों का विवरण

क्रमांक	निदेशक का नाम	शेयरों का विवरण
1	श्री संजया रस्तोगी	100

किसी अन्य गैर- कार्यपालक निदेशक द्वारा आइओबी के शेयर धारण नहीं किए जाते हैं।

घ. बोर्ड या बोर्ड समितियों की संख्या जिनमें निदेशक सदस्य/अध्यक्ष हैं:

निदेशक का नाम	अन्य कंपनियों की संख्या (निजी कंपनियों और आइओबी को छोड़कर) जिसमें वह बोर्ड के सदस्य/अध्यक्ष हैं (वैकल्पिक/नामित निदेशक को छोड़कर)	समितियों की संख्या (आइओबी के अलावा) जिसमें सदस्य हैं
श्री श्रीनिवासन श्रीधर	1. ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेस सॉफ्टवेयर लिमिटेड 2. निर्लॉन लिमिटेड 3. ग्रेफाइट इंडिया लिमिटेड 4. फिनका, अजरबैजान	**ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेस सॉफ्टवेयर लिमिटेड** 1. लेखापरीक्षा समिति - सदस्य के रूप में 2. कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी समिति - सदस्य के रूप में 3. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - सदस्य के रूप में 4. जोखिम प्रबंधन समिति - अध्यक्ष एवं 5. ईएसओपी आवंटन समिति - अध्यक्ष के रूप में **ग्रेफाइट इंडिया लिमिटेड** 1. लेखापरीक्षा समिति - सदस्य के रूप में 2. जोखिम प्रबंधन समिति - अध्यक्ष के रूप में **निरलोनलि.** 1. लेखापरीक्षा समिति - सदस्य के रूप में 2. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति – सदस्य के रूप में 3. शेयरधारक संबंध समिति - सदस्य के रूप में 4. कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति - अध्यक्ष के रूप में 5. स्वतंत्र निदेशक समिति - सदस्य के रूप में
श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी	--

ड़. समितियों में सदस्यता:

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी समिति, बोर्ड की नामांकन और पारिश्रमिक समिति, उच्च मूल्य वाले धोखाधड़ी निगरानी हेतु समिति, इरादतन चूककर्ता और गैर सहयोगी उधारकर्ताओं की समीक्षा समिति, निष्पादन मूल्यांकन हेतु बोर्ड समिति और हितधारक संबंध समिति की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है । आरबीआइ /सेबी/डीएफएस दिशानिर्देशों के मद्देनजर समितियों का पुनर्गठन किया गया है।

3. बोर्ड की समितियां:

निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए, बोर्ड ने निम्नलिखित समितियों का गठन किया है और उन्हें विशिष्ट शक्तियां प्रदान की हैं। प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्त को बाद में पुष्टि के लिए समिति की अगली बैठक के समक्ष रखा जाता है। रिकॉर्डिंग के लिए कार्यवृत्त को बोर्ड बैठक के समक्ष भी रखा जाता है।

1. बोर्ड की प्रबन्धन समिति (एमसीबी)
2. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)
3. बोर्ड की जोखिम प्रबन्धन समिति(आरएमसीबी)
4. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)
5. अनुशासनात्मक मामलों और विभागीय जांच की समीक्षा के लिए समिति (सीआरडीसी)
6. सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आइटीएससी)

7. मानव संसाधन पर बोर्ड स्तरीय संचालन समिति (बीएलएससीएचआर)
8. एनपीए में वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड स्तरीय समिति (बीएलसीएमआरएनपीए)
9. अपील पर विचार करने के लिए बोर्ड की समिति (सीबीसीए)
10. बोर्ड की हितधारक सम्बन्ध समिति (एसआरसी)
11. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)
12. बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड स्तरीय समिति (सीएमएलवीएफ)
13. जनाबूझकर चूककर्ता और असहयोगी उधारकर्ताओं पर समीक्षा समिति (आरसीडब्ल्यूडीएनसीबी)
14. कार्य-निष्पादन के मुल्यांकन पर बोर्ड समिति(बीसीपीई)
15. ऋण मंजूरी समिति (सीएसी)

3.1 बोर्ड की प्रबन्धन समिति

एमसीबी का गठन राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970/1980 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। एमसीबी के कार्य और कर्तव्य निम्नानुसार हैं:

ए. बोर्ड द्वारा निर्धारित मात्रा के अनुसार क्रेडिट प्रस्तावों (निधिक और गैर-निधिक) की स्वीकृति

बी. ऋण और ब्याज समझौता/प्रस्तावों को बट्टे खाते में डालना - बोर्ड द्वारा निर्धारित मात्रा के अनुसार।

सी. पूंजीगत एवं राजस्व व्यय के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव

डी. परिसर के अधिग्रहण और किराए पर लेने से संबंधित प्रस्ताव, परिसर के अधिग्रहण और किराए पर लेने के लिए मानदंडों से विचलन सहित।

ई. वाद/अपील दायर करना, उनका बचाव करना आदि ।

एफ. अंडरराइटिंग सहित सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों, कंपनियों के शेयरों और डिबेंचर में निवेश।

जी. दान

एच. बोर्ड द्वारा प्रबंधन समिति को संदर्भित कोई अन्य मामला।

(ए) से (जी) के मद उन प्रस्तावों के संबंध में होंगे जो एमडी व सीईओ की विवेकाधीन शक्तियों/क्रेडिट अनुमोदन समिति की शक्तियों से परे हैं, जैसा भी लागू हो।

समिति के अध्यक्ष बैंक के एमडी व सीईओ हैं। वर्ष के दौरान समिति की 22 बैठकें हुईं। सभी बैठकें उचित गणपूर्ति के साथ और बिना किसी स्थगन के आयोजित की गईं।

जिन सदस्यों ने 01.04.2023 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान कार्यालय संभाला और प्रत्येक समिति सदस्य द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

क्रमांक	निदेशक का नाम	पद	सदस्यता की अवधि		उपस्थित/ आयोजित बैठकों की संख्या
			से	तक	
1	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	अध्यक्ष	01.01.2023	--	22/22
2	श्री जयदीप दत्ता रॉय	सदस्य	31.01.2024	--	03/03
3	श्री धनराज टी	सदस्य	10.03.2024	--	02/02
4	सुश्री एस श्रीमती	सदस्य	10.03.2021	09.03.2024	18/20
5	श्री संजय विनायक मुदालियर	सदस्य	01.01.2023	30.01.2024	18/18

क्रमांक	निदेशक का नाम	पद	सदस्यता की अवधि		उपस्थित/ आयोजित बैठकों की संख्या
			से	तक	
6	श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता	सदस्य	14.07.2023	--	12/15
7	श्री विवेक अग्रवाल	सदस्य	25.02.2022	13.07.2023	04/07
8	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	सदस्य	11.10.2023	--	08/08
9	श्री संजया रस्तोगी	सदस्य	03.12.2022	10.10.2023	14/14

09.10.2017 से कार्यपालक निदेशक के रूप में 31.12.2022 तक सदस्यता, एमडी व सीईओ . 01.01.2023, 01.01.2023 से समिति के अध्यक्ष

3.2 बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक/सेबी के निर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) का गठन किया गया है। बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति (एसीबी) में केवल गैर- कार्यपालक निदेशक (एनईडी) होते हैं। बोर्ड का अध्यक्ष एसीबी का सदस्य नहीं होता है। एसीबी की बैठकों की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है जो बोर्ड की किसी अन्य समिति की अध्यक्षता नहीं करता है। एसीबी का अध्यक्ष बोर्ड की किसी भी समिति का सदस्य नहीं होता है**,** जिसके पास ऋण जोखिमों को मंजूरी देने का अधिकार होता है। सभी सदस्यों के पास सभी वित्तीय विवरणों के साथ-साथ उनसे जुड़ी टिप्पणियों/रिपोर्टों को समझने की क्षमता होती है और कम से कम एक सदस्य के पास वित्तीय लेखांकन या वित्तीय प्रबंधन में अपेक्षित पेशेवर विशेषज्ञता/योग्यता होती है [उदा. इसके आसपास के आंतरिक नियंत्रण सहित लेखा मानकों और प्रथाओं के आवेदन में अनुभव]।

कार्यपालक निदेशकगण आमंत्रिति के रूप में बैठक में शामिल होते हैं जिसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है

एसीबी को सौंपे गए कार्य एवं दायित्व निम्नवत है:

⇒ दिशा प्रदान करने के साथ-साथ बैंक में संपूर्ण लेखापरीक्षा कार्य के संचालन की निगरानी करना। कुल लेखापरीक्षा कार्य में बैंक के भीतर आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण का संगठन, संचालन और गुणवत्ता नियंत्रण शामिल होगा और बैंक के वैधानिक/बाह्य लेखापरीक्षा और आरबीआइ के निरीक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जाएगी।

⇒ बैंक प्रणाली में आंतरिक निरीक्षण / लेखापरीक्षा कार्य की समीक्षा करना, अनुवर्ती कार्रवाई के संदर्भ में इसकी गुणवत्ता और प्रभावशीलता और विशेष और अतिरिक्त-बड़ी शाखाओं और असंतोषजनक रेटिंग वाली सभी शाखाओं की निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करना।

⇒ विदेशी शाखाओं के संबंध में मेजबान देशों में नियामकों की नियामक आवश्यकता के अनुपालन पर अनुपालन विभाग से त्रैमासिक/वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करना और उसकी समीक्षा करना।

⇒ एसीबी/बोर्ड/आरबीआइ द्वारा जारी निर्देशों पर अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा करना।

⇒ वैधानिक ऑडिट की रिपोर्ट और लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट (एलएफएआर) में उठाए गए सभी मुद्दों की समीक्षा और अनुवर्ती कार्रवाई करना और वार्षिक I त्रैमासिक वित्तीय विवरणों और रिपोर्टों को अंतिम रूप देने से पहले बाहरी ऑडिटरों के साथ बातचीत करना।

⇒ आरबीआइ की निरीक्षण रिपोर्ट यानी आरएआर/आरएमपी आदि में उठाए गए सभी मुद्दों/मामलों की समीक्षा और उनका पालन करना

⇒ संवेदनशील क्षेत्रों, यानी पूंजी बाजार और रियल एस्टेट में एक्सपोजर की समीक्षा।

⇒ केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों की समीक्षा - (i) कार्यान्वयन की समीक्षा (ii) शाखाओं में केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों के पालन के संबंध में समवर्ती लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुपालन की समीक्षा।

⇒ विवेकाधीन शक्तियों के प्रयोग में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा उल्लंघन पर सूचना की समीक्षा।

⇒ इसे बोर्ड की बैठक में अनुमोदन के लिए बैंक के निरीक्षण और लेखापरीक्षा/लेखा/शासन आदि के संबंध में विभिन्न नीतियों की सिफारिश करनी चाहिए।

⇒ एसीबी द्वारा अनुमोदित कैलेंडर नोट्स की समीक्षा करना।

यह समिति निम्नलिखित के अनुवर्तन पर विशेष ध्यान देती है:

⇒ अंतर-शाखा समायोजन खाते

⇒ सस्पेंस, हर तरह की चीज़ें, ट्रांज़िट में फ़ंड, अंतर-बैंक खातों, नोस्ट्रो खातों आदि की समाशोधन में लंबे समय से असमाधानित प्रविष्टियाँ

⇒ धोखाधड़ी और हाउसकीपिंग के अन्य सभी प्रमुख क्षेत्र

⇒ फिशिंग हमलों के माध्यम से इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित धोखाधड़ी लेनदेन पर विस्तृत रिपोर्ट, विशेष रूप से मौजूदा प्रणालियों में कमियों और ऐसे मामलों को रोकने के लिए आइ टी विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की ओर इंगित करते हुए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के सुझावों के अनुरूप, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के दायरे को बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित विशिष्ट जोखिम स्तरों पर खातों की निम्नलिखित समीक्षाओं को शामिल करने के लिए विस्तृत किया गया था:

ए) संभावित एनपीए / तनाव के मामले जब भी आवश्यक हो।

बी) उच्च मूल्य के ऋण जो एक ऐसी सुरक्षा पर दिए गए हैं जो भार से मुक्त नहीं है।

सी) उच्च मूल्य ऋण वाले एकमुश्त निपटान के मामले

डी) उच्च मूल्य खाते - सुरक्षा / संपार्श्विक (दोनों मूर्त और विशेष रूप से अमूर्त) के मूल्य और गुणवत्ता का मूल्यांकन / पुनर्मूल्यांकन करने के लिए

स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध भारतीय वाणिज्यिक बैंकों को आरबीआइ द्वारा जारी कॉरपोरेट गवर्नेंस दिशानिर्देशों पर सेबी समिति के संदर्भ में निम्नलिखित अतिरिक्त भूमिका कार्य/शक्तियां एसीबी को सौंपी गई हैं

- संदर्भ की शर्तों के अंतर्गत किसी भी गतिविधि की जांच करना।
- किसी भी कर्मचारी से सूचना प्राप्त करना।
- बाहरी कानूनी या अन्य पेशेवर सलाह प्राप्त करने के लिए।
- प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले बाहरी लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए, यदि यह आवश्यक समझे।

लेखापरीक्षा समिति की भूमिका में मौजूदा भूमिका कार्यों के अतिरिक्त निम्नलिखित भी शामिल होंगे:

- बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय हैं, इसकी वित्तीय जानकारी का प्रकटीकरण।
- लेखांकन नीतियों और प्रथाओं, लेखांकन मानकों के अनुपालन और वित्तीय विवरणों से संबंधित अन्य कानूनी आवश्यकताओं पर विशेष जोर देते हुए प्रबंधन के साथ वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना।
- प्रबंधन, बाहरी और आंतरिक लेखा परीक्षकों, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता के साथ समीक्षा करना।
- आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा किसी भी आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना जहां संदेहास्पद धोखाधड़ी या अनियमितता या भौतिक प्रकृति की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की विफलता है और बोर्ड को मामले की रिपोर्ट करना।
- लेखापरीक्षा शुरू होने से पहले बाहरी लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा करना, लेखापरीक्षा की प्रकृति और कार्यक्षेत्र के साथ-साथ चिंता के किसी भी क्षेत्र का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षा के बाद चर्चा करना।
- लेखापरीक्षा योजना की समीक्षा और उसकी उपलब्धि की स्थिति
- बैंक की वित्तीय और जोखिम प्रबंधन नीतियों की समीक्षा करना।

इसके अलावा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीगत बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 भाग सी के अनुसार, लेखा परीक्षा समिति की भूमिका परिभाषित की गई है जो कॉरपोरेट प्रशासन नीति का हिस्सा है

समिति की वर्ष 2023-24 के दौरान 8 बैठकें आयोजित हुई।

सभी बैठकें उचित कोरम के साथ और बिना किसी स्थगन के आयोजित की गईं।

जिन सदस्यों ने 01.04.2022 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान पदभार संभाला और वर्ष के दौरान उनके द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

क्रमांक	निदेशक का नाम	पद	सदस्यता की अवधि		उपस्थित/ आयोजित बैठकों की संख्या
			से	तक	
1	श्री बी चंद्रा रेड्डी	समिति के अध्यक्ष	05.01.2022	--	08/08
2	श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता	सदस्य	14.07.2023	--	04/06
3	श्री विवेक अग्रवाल	सदस्य	25.02.2022	13.07.2023	02/02
4	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	सदस्य	05.01.2022	10.10.2023	04/04
5	श्री संजया रस्तोगी	सदस्य	11.10.2023	--	04/04
6	श्री दीपक शर्मा	सदस्य	05.01.2022	--	08/08

3.3 बोर्ड की जोखिम प्रबन्धन समिति

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) की बैठक की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है जो बोर्ड या बोर्ड की किसी अन्य समिति का अध्यक्ष नहीं होता है। बोर्ड का अध्यक्ष आरएमसीबी का सदस्य तभी हो सकता है जब उसके पास अपेक्षित जोखिम प्रबंधन विशेषज्ञता हो। समिति के वर्तमान अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार रूंगटा हैं जो एक स्वतंत्र निदेशक हैं। आरएमसीबी की भूमिका और कार्य बैंक द्वारा ग्रहण किए गए समग्र जोखिमों की समीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए है । समिति क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम से संबंधित एकीकृत जोखिम प्रबंधन के लिए नीति और रणनीति की देखरेख करेगी। समिति की 01.04.2022 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान 5 बैठकें हुईं। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या:

क्रमांक	निदेशक का नाम	सदस्यता की अवधि		उपस्थित/ आयोजित बैठकों की संख्या
		से	तक	
1	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	05.01.2022	--	05/05
2	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव##	01.01.2023	--	05/05
3	सुश्री एस श्रीमती	10.03.2021	09.03.2024	04/05
4	श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	05/05
5	श्री बी चंद्रा रेड्डी	21.10.2022	--	05/05
6	श्री दीपक शर्मा	05.01.2022	--	05/05
7	श्री संजया रस्तोगी	29.12.2022	--	05/05

09.10.2017 से 31.12.2022 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में सदस्यता, 01.01.2023 से एमडी व सीईओ के रूप में

3.4 वृहत् मूल्य धोखाधड़ियों के प्रबोधन के लिए समिति

समिति के प्रमुख कार्य सभी बड़े मूल्य के धोखाधड़ी की निगरानी और समीक्षा करना है ताकि प्रणालीगत कमियों की पहचान की जा सके, यदि कोई हो, पता लगाने में देरी के कारण और रिपोर्टिंग, यदि कोई हो, सीबीआइ /पुलिस जांच की प्रगति की निगरानी, वसूली की स्थिति, यह सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए की गई उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावशीलता की समीक्षा करते हुए और उपयुक्त निवारक उपायों को लागू करते हुए कर्मचारियों की जवाबदेही की कवायद जल्दी पूरी की जाती है। अध्यक्ष समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं और समिति के

वर्तमान अध्यक्ष एमडी व सीईओ हैं। 01.04.2022 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या:

क्रमांक	निदेशक का नाम	सदस्यता की अवधि		उपस्थित/ आयोजित बैठकों की संख्या
		से	तक	
1	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ##	01.01.2023	--	04/04
2	श्री जयदीप दत्ता रॉय	31.01.2024	--	01/01
3	सुश्री एस श्रीमती	10.03.2021	09.03.2024	03/04
4	श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	03/03
5	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	05.01.2022	10.10.2023	02/02
6	श्री बी चंद्रा रेड्डी	05.01.2022	--	04/04
7	श्री दीपक शर्मा	11.10.2023	--	02/02

09.10.2017 से 31.12.2022 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में सदस्यता, 01.01.2023 से एमडी व सीईओ के रूप में, 12.03.2024 तक समिति के अध्यक्ष के रूप में ।

3.5 ग्राहक सेवा समिति

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति, निम्नलिखित को संबोधित कर सकती है, उदाहरण के तौर पर :-

- एक व्यापक जमा नीति तैयार करना
- खाते के संचालन के लिए जमाकर्ता की मृत्यु पूर्व किए गए उपचार संबंधित मुद्दे
- उपयुक्तता की दृष्टि से उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया
- जमाकर्ता संतुष्टि के लिए वार्षिक सर्वेक्षण
- ऐसी सेवाओं की त्रैवार्षिक लेखापरीक्षा। इसके अलावा, समिति प्रदान की गई ग्राहक सेवा की गुणवत्ता पर प्रभाव डालने वाले किसी अन्य मुद्दे की भी जांच कर सकती है।
- बैंक में ग्राहक सेवाओं के स्तर का मूल्यांकन और समीक्षा करना। यह ग्राहक सेवाओं में सुधार के लिए नए उपायों पर भी विचार करेगी।

एमडी व सीईओ समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। 01.04.2022 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या:

क्र. सं.	निदेशक का नाम	सदस्यता की अवधि		भाग लेने/आयोजित बैठकों की संख्या
		से	तक	
1	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव##	01.01.2023	--	04/04
2	श्री जयदीप दत्ता रॉय	31.01.2024	--	01/01
3	सुश्री एस श्रीमती	10.03.2021	09.03.2024	03/04
4	श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	03/03
5	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	05.01.2022	--	04/04
6	श्री दीपक शर्मा	05.01.2022	--	04/04

09.10.2017 से 31.12.2022 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में सदस्यता, 01.01.2023 से एमडी व सीईओ के रूप में

3.6 अनुशासनात्मक मामलों और विभागीय जांचों की समीक्षा के लिए समिति

यह तिमाही आधार पर सतर्कता/गैर-सतर्कता अनुशासनात्मक और विभागीय जांच की समीक्षा करता है और 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक के धोखाधड़ी के मामलों में तिमाही आधार पर कर्मचारियों की जवाबदेही की जांच करता है। एमडी व सीईओ समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। 01.04.2022 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या निम्नवत है:

क्र. सं.	निदेशक का नाम	सदस्यता की अवधि		भाग लेने/आयोजित बैठकों की संख्या
		से	तक	
1	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव##	01.01.2023	--	04/04
2	श्री जयदीप दत्ता रॉय	31.01.2024	--	01/01
3	सुश्री एस श्रीमती	10.03.2021	09.03.2024	03/04
4	श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	03/03
5	श्री कार्तिकेय मिश्रा	25.10.2023	--	01/02
6	श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू	22.07.2016	24.10.2023	02/02
7	श्री विवेक अग्रवाल	25.02.2022	13.07.2023	01/01
8	श्रीमती सोनाली सेन गुप्ता	14.07.2023	--	02/03

09.10.2017 से 31.12.2022 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में सदस्यता, 01.01.2023 से एमडी व सीईओ के रूप में

3.7 नामांकन और पारिश्रमिक समिति

नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) समुचित सावधानी बरत रही है और निर्वाचित निदेशकों के लिए 'फिट एंड प्रॉपर' मानदंड पर पहुँची है जैसा कि आरबीआइ मास्टर दिशा-निर्देश डीबीआर.एपीटी.सं. में निर्दिष्ट है। 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02.08.2019 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीगत बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015, भाग डी के अनुसार। यह मौजूदा पारिश्रमिक समिति का कार्य भी कर रही है।

एनआरसी का गठन केवल गैर- कार्यपालक निदेशकों (एनईडी) के साथ किया गया है। एनआरसी की बैठकों की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है । बोर्ड के अध्यक्ष एनआरसी की अध्यक्षता नहीं कर रहे हैं। एनआरसी की बैठक आवश्यकता पड़ने पर आयोजित की जाती है। समिति में 5 गैर- कार्यपालक निदेशक होते हैं

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान समिति की बैठक आयोजित नहीं हुई।

3.8 सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति

सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति (आइ टीएससी) है व्यवसाय में सुधार के लिए आइ टी में विकास का लाभ उठाने के लिए बैंक द्वारा प्रौद्योगिकी अपनाने की आइ टी नीति पर विचार-विमर्श किया गया। यह आइ टी सक्षम प्रमुख व्यावसायिक पहलों और बैंक की तकनीकी संरचना की प्रगति की समीक्षा और निगरानी करता है। कॉरपोरेट गवर्नेंस पॉलिसी में विस्तृत भूमिका और कार्य को परिभाषित किया गया है।

अध्यक्ष, समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते है। वर्तमान में, श्री श्रीनिवासन श्रीधर, गैर- कार्यकारी अध्यक्ष व अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं। समिति की 01.04.2022 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान 5 बार बैठक हुई। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक

सदस्य द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या:

क्र. सं.	निदेशकों का नाम	सदस्यता की अवधि		बैठकों की संख्या में भाग लिया / आयोजित किया
		से	तक	
1	श्री श्रीनिवासन श्रीधर	12.03.2024	--	01/01
2	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव##	09.10.2017	--	03/04
3	श्री जयदीप दत्ता रॉय	31.01.2024	--	01/01
4	श्री धनराज टी	10.03.2024	--	01/01
5	सुश्री एस श्रीमती	10.03.2021	09.03.2024	02/03
6	श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	03/03
7	श्री कार्तिकेय मिश्रा	25.10.2023	--	01/02
8	श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू	25.07.2018	24.10.2023	02/02
9	श्री दीपक शर्मा	05.01.2022	11.03.2024	03/03
10	श्री बी चंद्रा रेड्डी	05.01.2022	--	04/04

09.10.2017 से 31.12.2022 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में सदस्यता, 01.01.2023 से एमडी व सीईओ के रूप में

3.9 मानव संसाधन पर बोर्ड स्तरीय संचालन समिति

एमडी व सीईओ समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। 01.04.2023 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान समिति की 4 बैठकें हो चुकी हैं। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या:

क्र. सं.	निदेशकों/सदस्य का नाम	सदस्यता की अवधि		बैठकों की संख्या में भाग लिया / आयोजित किया
		से	तक	
1	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव##	09.10.2017	--	04/04
2	सुश्री एस श्रीमती	10.03.2021	09.03.2024	04/04
3	श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	04/04
4	श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू	22.07.2016	24.10.2023	03/03
5	श्री कार्तिकेय मिश्रा	25.10.2023	--	00/01
6	श्री संजया रस्तोगी	29.12.2022	--	04/04
7	डॉ टी टी राम मोहन**	--	--	03/04

09.10.2017 से 31.12.2022 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में सदस्यता, 01.01.2023 से एमडी व सीईओ के रूप में, 12.03.2024 तक समिति के अध्यक्ष के रूप में।

** वे एक नियुक्त निदेशक नहीं है। उन्हें डीएफएस दिशानिर्देशों के अनुसार इस समिति के लिए मानव संसाधन पेशेवर (पूर्व-आइआइएम प्रोफेसर) के रूप में नामित किया गया है

3.10 इरादतन चूककर्ताओं और गैर सहयोगी उधारकर्ताओं पर समीक्षा समिति

12.03.2024 से गैर – कार्यपालक अध्यक्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं।

01.04.2023 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान समिति की कुल 5 बैठकें हुईं। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य द्वारा भाग लेने वाली बैठकों की संख्या:

क्र. सं.	निदेशकों का नाम	सदस्यता की अवधि		बैठकों की संख्या में भाग लिया / आयोजित किया
		से	तक	
1	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	01.01.2023	--	05/05
2	श्री सुरेश कुमार रूंगटा	05.01.2022	--	05/05
3	श्री बी चंद्रा रेड्डी	05.01.2022	--	05/05

3.11 बोर्ड की हितधारक संबंध समिति

हितधारक संबंध समिति की भूमिका सेबी एलओडीआर 2015 के अनुसूची II के भाग डी के निर्दिष्टानुसार होगी जोकि निम्नवत है:

- सूचीबद्ध इकाई के प्रतिभूति धारकों की शिकायतों का समाधान जिसमें शेयरों के अंतरण/ संचरण, वार्षिक रिपोर्ट की अप्राप्ति, घोषित लाभांश की अप्राप्ति, नए/डुप्लिकेट प्रमाण- पत्रों का निर्गम, सामान्य बैठकें आदि से संबंधित शिकायतें शामिल हैं।
- शेयरधारकों द्वारा मतदान अधिकारों के प्रभावी प्रयोग के लिए की गयी उपायों की समीक्षा।
- रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में सूचीबद्ध इकाई द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा।
- अदावाकृत लाभांश की मात्रा को कम करने और कंपनी के शेयरधारकों द्वारा लाभांश वारंट/ वार्षिक रिपोर्ट / वैधानिक सूचना की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सूचीबद्ध इकाई द्वारा किए गए विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा।

01.04.2022 से 31.03.2024 के दौरान समिति की बैठक 04 बार आयोजित की गयी। वर्ष के दौरान समिति के प्रत्येक सदस्य की प्रतिभागिता वाली बैठकों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	निदेशकों का नाम	सदस्यता की अवधि		बैठकों की संख्या में भाग लिया / आयोजित किया
		से	तक	
1	श्री संजया रस्तोगी	29.12.2022	--	04/04
2	सुश्री एस श्रीमती	10.03.2021	09.03.2024	03/04
3	श्री संजय विनायक मुदालियर	01.01.2023	30.01.2024	03/03
4	श्री जयदीप दत्ता रॉय	31.01.2024	--	01/01
5	श्री बी चंद्र रेड्डी	05.01.2022	--	04/04
6	श्री दीपक शर्मा	05.01.2022	--	04/04

अनुपालन अधिकारी

श्री राम मोहन के बैंक द्वारा जारी किए गए इक्विटी शेयरों और गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सू-चीबद्ध बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार अनुपालन अधिकारी हैं और सेबी, स्टॉक एक्सचेंजों आदि के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन के लिए समीक्षाधीन अवधि हेतु स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं।

शेयरधारकों की शिकायतें

वर्ष के दौरान प्राप्त, समाधान और लंबित शिकायतों की संख्या:

01.04.2023 को लंबित	शून्य
वर्ष के दौरान प्राप्त	38
वर्ष के दौरान निपटायी गयी	38
31.03.2024 को लंबित	शून्य

हम पुष्टि करते हैं कि निवेशकों की कोई भी शिकायत 30 दिनों से अधिक समय तक अनसुनी/लंबित नहीं रही।

3.12 एनपीए में वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड स्तरीय समिति

एनपीए में वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड स्तरीय समिति (बीएलसीएमआरएनपीए) सभी एनपीए खातों में वसूली की समीक्षा और निगरानी कर रही है। यह एनपीए प्रबंधन की समीक्षा भी करती है और तनावग्रस्त संपत्तियों के संबंध में भारत सरकार द्वारा दिए गए विभिन्न दिशानिर्देशों/निर्देशों पर प्रगति/कार्रवाई की गई रिपोर्ट की भी समीक्षा करती है। एमडी व सीईओ समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। समिति की 01.04.2023 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान 7 बैठकें हुईं। सभी बैठकें उचित गणपूर्ति के साथ और बिना किसी स्थगन के आयोजित की गईं।

3.13 कार्य निष्पादन मूल्यांकन के लिए बोर्ड समिति

डीएफ़एस दिशानिर्देशों के अनुसार पूर्णकालिक निदेशकों और आंतरिक नियंत्रण के प्रभारी महाप्रबंधकों (जैसे निरीक्षण और लेखा परीक्षा, अनुपालन, जोखिम) के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना। वर्ष 2023-24 के दौरान समिति की दो बैठक आयोजित की गई।

3.14 अपील पर विचार करने के लिए बोर्ड की समिति

अपील पर विचार करने के लिए बोर्ड की समिति सजा/अनुशासनात्मक कार्रवाई आदि के मामले में अपीलीय प्राधिकारी /समीक्षा प्राधिकारी के रूप में कार्य करती है जहाँ एमडी व सीईओ अनुशासनात्मक प्राधिकारी हैं या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक अनुशासनात्मक प्राधिकारी हैं, जहाँ कहीं भी एमडी व सीईओ अनुशासनात्मक प्राधिकारी हैं, वे अपील और समीक्षा समिति के सदस्य नहीं होंगे। वर्ष 2023-24 के दौरान समिति की बैठक नहीं हुई।

3.15 बोर्ड की ऋण मंजूरी समिति

राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 की अधिसूचना संख्या एस.0.2736(ई) दिनांक 5 दिसंबर, 2011 के संशोधन के संदर्भ में निदेशक मंडल द्वारा 25.02.2012 को ऋण स्वीकृति समिति का गठन किया गया है। समिति को ऋण प्रस्तावों की स्वीकृति और ऋण समझौते/बट्टे खाते में डालने के निपटान के लिए विशिष्ट वित्तीय शक्तियों का अधिकार प्राप्त है। इसके बाद सीएसी के संबंध में विभिन्न निर्देश प्राप्त हुए हैं। उसके आधार पर बोर्ड द्वारा पिछली बार दिनांक 25.06.2020 को समिति का पुनर्गठन किया गया था

समिति के अध्यक्ष बैंक के एमडी व सीईओ हैं। 01.04.2023 से 31.03.2024 की अवधि के दौरान समिति की 19 बैठकें हुईं। सभी बैठकें उचित गणपूर्ति के साथ और बिना किसी स्थगन के आयोजित की गईं।

4. वरिष्ठ प्रबंधन:

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद से उसमें हुए परिवर्तन के साथ शामिल हैं:

क्रम सं.	नाम	पद का नाम
1	श्री राजीव कुमार	मुख्य सतर्कता अधिकारी
2	श्री सुधीर प्रसाद ठाकुर	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
3	श्री नटराज कार्यमपुडी	मुख्य अनुपालन अधिकारी/विभागाध्यक्ष
4	सुश्री राजलक्ष्मी भवानी शंकर	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
5	श्री लक्ष्मी वेंकटेश आर	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
6	श्री ए.एम.बनर्जी	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
7	श्री महेश कुमार एसपी	मुख्य वित्तीय अधिकारी/विभागाध्यक्ष
8	श्री गोपाल एस	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
9	श्री मोहन एम	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
10	श्री रेयाजुल हक़	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
11	श्री सुरेश पी	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
12	श्री श्याम सुन्दर नारंग	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
13	सुश्री सेल्वारानी वी.	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
14	श्री कौस्तुभ मजुमदार	मुख्य जोखिम अधिकारी/विभागाध्यक्ष
15	श्री शुभेंदु कुमार वर्मा	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष (31.12.2023 को कार्यालय से सेवानिवृत्त)
16	श्री शिव कुमार गुप्ता	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष (31.12.2023 को कार्यालय से सेवानिवृत्त)
17	श्री बृन्दावन नायक	महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष (31.07.2023 को कार्यालय से सेवानिवृत्त)
18	श्री नंदकुमारन एस	उप महा प्रबंधक & कंपनी सचिव (31.05.2023 को सेवानिवृत्त)
19	श्री अमित श्रीवास्तव	उप महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
20	श्री तिरुमुरुगन एस	उप महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष
21	सुश्री दुर्गा देवी एम	उप महा प्रबंधक/विभागाध्यक्ष

5. निदेशकों को पारिश्रमिक:

निदेशकों को पारिश्रमिक भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दिया जाता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को दिए गए वेतन का विवरण निम्नानुसार है:

नाम	पद का नाम	अवधि	पारिश्रमिक का विवरण			राशि (रुपये)
			वेतन	बकाया राशि	पीएफ	
श्री धनराज टी (का. नि.)		
10.03.2024 से 31.03.2024	2,53,295.23	
कुल	**2,53,295.23**	**लागू नहीं**

(राशि रु. करोड़ में)

मदें/ संबंधित पार्टी	जनक (स्वामित्व या नियंत्रण के अनुसार)	सहायक कंपनियों	एसोसिएट्स/संयुक्त उद्यम		मुख्य प्रबंधन कार्मिक@		मुख्य प्रबंधन कार्मिक के रिश्तेदार		कुल	
			वर्ष के अंत में बकाया	वर्ष के दौरान अधिकतम	वर्ष के अंत में बकाया	वर्ष के दौरान अधिकतम	वर्ष के अंत में बकाया	वर्ष के दौरान अधिकतम	वर्ष के अंत में बकाया	वर्ष के दौरान अधिकतम
उधारियाँ	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00	187.38	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	187.38
जमाएँ	लागू नहीं	लागू नहीं	772.24	772.24	2.25	2.38	0.74	0.75	775.23	775.37
जमा राशियों का स्थानन	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अग्रिम	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00	0.00	0.61	0.63	0.00	0.21	0.61	0.84
निवेश	लागू नहीं	लागू नहीं	193.44	193.44	0.00	0.00	0.00	0.00	193.44	193.44
गैर-वित्त पोषित प्रतिबद्धताएं	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
पट्टेदारी/एचपी व्यवस्था का लाभ उठाया	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
पट्टेदारी/एचपी व्यवस्था प्रदान की गई	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अचल संपत्तियों की खरीद	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00		0.00		0.00		0.00	
अचल संपत्तियों की बिक्री	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00		0.00		0.00		0.00	
ब्याज का भुगतान किया	लागू नहीं	लागू नहीं	2.82		0.03		0.00		2.85	
प्राप्त ब्याज	लागू नहीं	लागू नहीं	48.53		0.05		0.01		48.59	
सेवाओं का प्रतिपादन*	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00		0.00		0.00		0.00	
सेवाओं की प्राप्ति*	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00		0.00		0.00		0.00	
प्रबंधन अनुबंध*	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00		0.00		0.00		0.00	

एन ए - लागू नहीं

वर्ष के दौरान अधिकतम एवं वर्ष के अंत पर शेष को प्रदर्शित किया जाएगा।

* अनुबंध सेवाएं इत्यादि व विप्रेषण सुविधाएं , लॉकर सुविधाएँ इत्यादि जैसी सुविधाएं नहीं।

8.6 लेखांकन मानक 20-प्रति शेयर आय

विवरण	2023-24	2022-23
ईक्विटी शेयरधारकों के लिए कर के बाद उपलब्ध लाभ (रु. करोड़ों में)	2655.61	2098.78
भारित औसत ईक्विटी शेयरों की संख्या	18902412256	18902412256
मूल तथा कम किए हुए प्रति शेयर आय	1.40	0.34
प्रति शेयर सामान्य मूल्य	10.00	10.00

8.7 लेखांकन मानक 22: आय पर करों के लिए लेखांकन (रु. करोड़ में)

विवरण	31.03.2024		31.03.2023	
	डीटीए	डीटीएल	डीटीए	डीटीएल
कर्मचारी लाभों के लिए प्रावधान	1021.64		202.90	
धोखाधड़ियों के लिए प्रावधान	68.98		190.97	
अन्य सम्पत्तियों के लिए प्रावधान	126.41		28.79	
पुन: संरचित अग्रिमों के लिए प्रावधान	11.01		13.59	
सेवाविच्छेद वेतन के लिए आरक्षिती	1.10		0.93	
एनपीए के लिए प्रावधान	1861.70		3 675.34	
विदेशी मुद्रा अंतरण के लिए प्रावधान	348.27		337.42	
अन्य	1860.83		1583.89	
कुल	**5299.94**		**6033.83**	
निवल डीटीएल/ डीटीए	**5299.94**		**6033.83**	

8.8 एएस 24 - परिचालन बंद करना

यह मानक परिचालन बंद करने के बारे में जानकारी देने के लिए सिद्धांत स्थापित करता है। उसी बैंक की अन्य शाखाओं में परिसंपत्तियों/ देयताओं को स्थानांतरित करके बैंकों की शाखाओं के विलय/बंद होने को संचालन बंद करने के रूप में नहीं माना जा सकता है और इसलिए यह लेखा मानक बैंक की शाखाओं के विलय/बंद करने पर लागू नहीं होगा। मानक के तहत प्रकटीकरण की आवश्यकता केवल तब होगी जब: (i) परिचालन बंद करने के परिणामस्वरूप बैंक द्वारा देनदारियों और संपत्तियों की वापसी में कमी आई है या उपरोक्त प्रभाव वाले परिचालन को बंद करने का निर्णय बैंक द्वारा अंतिम रूप दिया गया है और (ii) बंद किया गया परिचालन पूरी तरह से पर्याप्त है।

8.9 लेखांकन मानक 26 – अमूर्त आस्तियाँ

कोर बैंकिंग सिस्टम के लिए अधिग्रहित सॉफ्टवेयर को अमूर्त संपत्ति के रूप में माना जाता है और 3 साल की अवधि तक परिशोधित किया जाता है।

8.10 लेखांकन मानक 28 – आस्तियों का अनर्जक होना

बैंक द्वारा धारित अचल आस्तियों को 'कॉरपोरेट आस्तियाँ' माना गया है और आइसीएआइ द्वारा जारी एएस -28 में दी गई परिभाषा के अनुसार यह 'नकदी सृजन करने वाली इकाई' नहीं है। प्रबन्धन के मतानुसार बैंक की किसी भी अचल आस्ति को क्षति नहीं हुई है।

8.11 लेखांकन मानक 29 –आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों के लिए प्रावधान:

क्रमांक	विवरण	संक्षिप्त विवरण
1	बैंक के प्रति दावों को ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया	व्यवसाय के सामान्य अनुक्रम में विभिन्न कार्यवाहियों के लिए बैंक एक पक्षकार है। बैंक को उम्मीद नहीं है कि इन कार्यवाहियों के परिणाम से बैंक की वित्तीय स्थिति, संचालन के परिणाम या नकदी प्रवाह पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। बैंक उन विभिन्न कराधान मामलों में भी एक पक्षकार है जिनके संबंध में अपीलें लंबित हैं।
2	आंशिक प्रदत्त निवेशों/ वेंचर फंड्स पर देयताएं	यह मद आंशिक रूप से भुगतान किए गए निवेशों के लिए देयता के प्रति भुगतान न की गई शेष राशि का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें वेंचर कैपिटल फंड्स के लिए अनाहरित प्रतिबद्धताएं भी शामिल हैं।
3	फॉर्वर्ड एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट की वजह से देयता	बैंक भविष्य की तारीख में एक पूर्व निर्धारित मूल्य पर मुद्राओं का आदान-प्रदान करने के लिए व्यापार के अपने सामान्य पाठ्यक्रम में विदेशी एक्सचेंजों में प्रवेश करता है। फॉरवर्ड एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट अनुबंधित दर पर भविष्य की तारीख में विदेशी मुद्रा खरीदने या बेचने की प्रतिबद्धता है। काल्पनिक राशियों को आकस्मिक देनदारियों के रूप में दर्ज किया जाता है। अपने ग्राहकों के साथ किए गए लेन-देन के संबंध में, बैंक आम तौर पर इंटरबैंक बाजार में लेन-देन बंद कर देता है। इसके परिणामस्वरूप अधिक संख्या में बकाया लेन-देन उत्पन्न होते हैं, और इसलिए पोर्टफोलियो के सकल काल्पनिक मूलधन का एक बड़ा मूल्य होता है, जबकि शुद्ध बाजार जोखिम कम होता है।
4	घटकों, स्वीकृति, समर्थन और अन्य दायित्वों की ओर से दी गई गारंटी	अपनी वाणिज्यिक बैंकिंग गतिविधियों के एक भाग के रूप में, बैंक अपने ग्राहक की ओर से दस्तावेजी क्रेडिट और गारंटी जारी करता है। दस्तावेजी ऋण बैंक के ग्राहकों की साख को बढ़ाते हैं। गारंटियां आम तौर पर अपरिवर्तनीय आश्वासन का प्रतिनिधित्व करती हैं कि ग्राहक अपने वित्तीय या प्रदर्शन दायित्वों को पूरा करने में विफल होने की स्थिति में बैंक भुगतान करेगा।
5	अन्य मद जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	बैंक अपने स्वयं के खाते में और ग्राहकों के लिए अंतर बैंक प्रतिभागियों के साथ मुद्रा विकल्प, अग्रेषण दर समझौते, मुद्रा स्वैप और ब्याज दर स्वैप में व्यवस्था करते हैं। करेंसी स्वैप निर्धारित दरों के आधार पर एक मुद्रा में दूसरी मुद्रा के मुकाबले ब्याज/मूलधन के माध्यम से नकदी प्रवाह का आदान-प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। ब्याज दर स्वैप फिक्स्ड और फ्लोटिंग ब्याज दर कैश फ्लो के आदान-प्रदान की प्रतिबद्धता है। आकस्मिक देनदारियों के रूप में दर्ज की जाने वाली कल्पित राशियाँ, आमतौर पर अनुबंधों के ब्याज घटक की गणना के लिए एक बेंचमार्क के रूप में उपयोग की जाने वाली राशियाँ हैं। इसके अलावा, इनमें उन अनुबंधों की अनुमानित राशि जिन्हें पूंजी खाते पर निष्पादित किया जाना बाकी है और इसके लिए प्रावधान नहीं किया गया है, सहयोगियों और सहायक कंपनियों की ओर से बैंक द्वारा जारी किए गए लेटर ऑफ कंफर्ट, जमाकर्ताओं की शिक्षा और जागरूकता निधि के तहत बैंक देयता और अन्य विविध दल देनदारियों भी शामिल ह।

9. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को मूल राशि या उस पर देय ब्याज के विलंबित भुगतान का कोई मामला सामने नहीं आया है।

10. तुलनात्मक आंकड़े

पिछले वर्ष के आंकड़ों को जहां आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

Elevating
Street
Entrepreneur
with
PM SVANidhi
Collateral Free Loan
Loan up to ₹ 50,000
Interest Subsidy Available
T&C Apply
For more info visit nearest IOB Branch
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
आपकी प्रगति का सच्चा साथी
Good people to grow with
www.iob.in
Follow us on
@IOBIndia
1800 890 4445 | 1800 425 4445

स्वायत्त
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट
समेकित

स्वायत्त लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सदस्यगण

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

अभिमत

1. हमने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के संलग्न समेकित वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया है (बाद में 'बैंक' के रूप में संदर्भित) और इसके संयुक्त उद्यम और सहयोगी जिनमें 31 मार्च, 2024 तक समेकित तुलन पत्र शामिल है, समेकित लाभ व हानि खाता और उसके बाद समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकद प्रवाहों का विवरण शामिल है, और समेकित वित्तीय विवरणों के नोट्स, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी का सारांश शामिल है (इसके बाद 'समेकित वित्तीय विवरण' के रूप में संदर्भित) जिसमें सम्मिलित हैं:

   अ) बैंक के लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण;

   आ) एक विदेशी संयुक्त उद्यम (इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बरहाद के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण

   इ) एक सहयोगी (ओडिशा ग्राम्य बैंक) के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण

   हमारे अभिमत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और इस तरह के संयुक्त उद्यम और सहयोगी के अलग-अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, जैसा कि अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित किया गया था, उपरोक्त समेकित वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949; भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआइ") द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्र, दिशानिर्देश और निर्देश ("आरबीआइ दिशानिर्देश") और लागू लेखांकन मानक द्वारा इस प्रकार से जानकारी देते हैं जो समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के लिए भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं:

   क) समेकित तुलन-पत्र के मामले में 31 मार्च, 2024 तक समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के मामलों की स्थिति का सही और निष्पक्ष अवलोकन देते हैं;

   ख) समाप्त वर्ष की तिथि के लिए समेकित लाभ व हानि खाते के संदर्भ में समूह और उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के वास्तविक लाभ; और

   ग) समाप्त वर्ष की तिथि के लिए समेकित नकदी प्रवाह के संदर्भ में समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के मामलों की स्थिति का सही और निष्पक्ष अवलोकन देते हैं।

अभिमत का आधार:

2. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आइसीएआइ) द्वारा जारी लेखा-परीक्षा विषयक मानकताओं (एसए) के अनुसार की है। हमारी जिम्मेदारियां इन मानकताओं के अधीन हमारी रिपोर्ट के अंतर्गत वित्तीय विवरणों के भाग की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियों के तहत विस्तृत रूप से दर्शाया गया है। आइसीएआइ द्वारा जारी 'आचार संहिता' के अनुसार हम, समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम से स्वतंत्र हैं, साथ ही नैतिक अपेक्षाएँ जो समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक है जिन्हें लेखांकन मानक और बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान और समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्र और दिशानिर्देश के अनुसरण में तैयार किया गया है और हमने अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को इन अपेक्षाओं और आचार संहिता के अनुसार पूरा किया है। हम विश्वास करते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वह पर्याप्त है और अपने विचार के लिए आधार प्रदान करने हेतु समुपयुक्त है।

मामलो पर बल

3. हम स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणी की अनुसूची 18 के निम्नलिखित नोट्स की ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं:

i. नोट संख्या 3, अंतर शाखा और आंतरिक/ कार्यालय खातो में प्रविष्टियों के समाधान और उन्मूलन से संबंधित है जो विभिन्न चरणों में हैं।

ii. नोट संख्या 6.3, उसमें उद्धृत कारणों के लिए विभिन्न विवादित आयकर और अप्रत्यक्ष कर देनदारियों का प्रावधान न करने से संबंधित हैं और नोट संख्या 6.2 अग्रिम भुगतान किए गए कर के लंबित समाधान से संबंधित है।

iii. नोट संख्या 6.5, वर्ष के दौरान आस्थगित कर परिसंपत्ति से संबंधित ₹5,299.94 करोड़ के आगामी शेष, अनुमानित आधार पर ₹734.24 करोड़ का उत्क्रमण और 31 मार्च 2024 को आस्थगित कर परिसंपत्ति के आगामी शेष की वास्तविकता के प्रबंधन मूल्यांकन से संबंधित है।

उपर्युक्त मामले के संबंध में हमारे विचार में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले:-

4. हमारे व्यवसायिक अभिमत में प्रमुख लेखा परीक्षा मामले, वे मामले हैं जो चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं । इन मामलो पर हमारे अभिमत वित्तीय विवरणों के समावेश रूप में हमारी लेखा परीक्षा के संदर्भ में हैं और उन पर हम अलग से कोई अभिमत प्रदान नहीं करना चाहते । प्रमुख लेखा-परीक्षकों द्वारा चिन्हित प्रमुख लेखापरीक्षा मामलो सहित संबंधित घटक लेखा-परीक्षकों द्वारा रिपोर्ट किए गए निम्नांकित मामलों को हमने प्रमुख लेखा परीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है जो कि बैंक को हमारी रिपोर्ट के साथ संप्रेषित किए गए हैं।

I. अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की पहचान, गैर-निष्पादित अग्रिमों की पहचान और प्रावधान

बैंक की निवल अग्रिम राशि कुल संपत्ति का 50.09 प्रतिशत है, जो वित्तीय विवरणों का महत्वपूर्ण भाग है। वे, अन्य बातों के आतिरिक्त, आय पहचान, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान (आइआरएसीपी) मानदंडों और आरबीआइ द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अग्रिमों को निष्पादित और गैर-निष्पादित (एनपीए) में वर्गीकृत करने से संबंधित दिशानिर्देश संबन्धित परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित होते हैं, जो विदेशी कार्यालयों के मामलों के अतिरिक्त जिसमें अग्रिमों का वर्गीकरण और उसका प्रावधान स्थानीय नियमों या आरबीआइ के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हो उसके अनुसार किया जाता है। बैंक इन अग्रिमों को अपनी लेखांकन नीति के अनुसार आइआरएसीपी मानदंडों के आधार पर वर्गीकृत करता है।

निष्पादित और गैर-निष्पादित अग्रिमों की पहचान के लिए उचित तंत्र स्थापित है। बैंक अपने सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आइटी सिस्टम) अर्थात कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेन-देन का हिसाब रखता है, जो यह भी चिन्हित करता है कि अग्रिम निष्पादन योग्य है या गैर-निष्पादित।

भारतीय रिज़र्व बैंक ("भारिबैं") द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित आय पहचान, संपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान पर विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अतिरिक्त, बैंक के पास गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों पर प्रावधान के लिए कुछ नीतियाँ भी हैं।

यदि, व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, आइआरएसीपी मानदंडों का ठीक से पालन नहीं किया जाता है, तो इन अग्रिमों (प्रावधानों का निवल) का आगामी मूल्य वास्तव में गलत हो सकता है।

लेन-देन की प्रकृति, नियामक आवश्यकताओं, वर्तमान कारोबारी माहौल, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन और प्रावधानों की गणना में शामिल अनुमान/निर्णय को ध्यान में रखते हुए, यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के इच्छित उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण विषय है।

इसके अतिरिक्त, आहरण शक्ति की गणना के लिए उधारकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत डेटा पर निर्भरता, सुरक्षा मूल्यांकन के लिए तीसरे पक्ष, भारिबैं द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्गठित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और ब्याज आय की पहचान पर निर्भरता के कारण गैर-निष्पादित अग्रिमों सहित, हमने उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा विषय के रूप में निर्धारित किया है।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

हमने गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की पहचान करने और उनके प्रावधान करने के लिए बैंक की प्रणाली का आंकलन किया। हमारी लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और निम्नलिखित सहित वास्तविक परीक्षण शामिल थे :

क) हमने सिस्टम में निर्मित नियंत्रणों, भारिबैं के दिशानिर्देशों के पालन के संबंध में शामिल जाँच और संतुलन व गैर-निष्पादित संपत्तियों की पहचान के लिए संबंधित बैंक की नीतियों, प्रकृति, समय और ठोस प्रक्रियाओं के सीमा निर्धारित करने के प्रावधान के बारे में बैंक से जानकारी प्राप्त की और तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई।

ख) हमें शीर्ष 20 शाखाओं के संबंध में आइआरएसीपी मानदंडों के अनुसार आय पहचान, निष्पादित और गैर-निष्पादित अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता जाँच के लिए आबंटित की गई थी। हमने आबंटित शाखाओं में ठोस प्रक्रियाओं को पूरा करने में, हमने बड़े अग्रिमों/ तनावग्रस्त अग्रिमों की जांच की है, जबकि अन्य अग्रिमों की नमूना आधार पर जांच की गई है, जिसमें बैंक के प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं की मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा भी शामिल है।

ग) आंतरिक लेखापरीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा, क्रेडिट लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखापरीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता, बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार है।

घ) शाखाओं से प्राप्त रिटर्न को स्वीकार किया गया, जो ऑडिट के अधीन नहीं हैं और उस संबंध में हमने उपलब्ध कराए गए नमूना डेटा की शुद्धता की पुष्टि करने के लिए बैंक के आंतरिक निगरानी तंत्र/ प्रणालियों की समीक्षा की और सुनिश्चित किया गया कि हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवाद/ विचलन/ त्रुटियों पर बैंक द्वारा विचार किया गया।

ङ) समय-समय पर जारी भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की पहचान व प्रावधान और आय के संगत उलटाव की जांच की गई।

च) एनपीए की पहचान और भारिबैं के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया।

छ) भारिबैं के निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा कार्यान्वित परिसंपत्ति वर्गीकरण की स्वचालित आइटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया।

ज) हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य अंतरदेशीय और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए काम को स्वीकार किया है।

झ) नमूना आधार पर चयनित उधारकर्ताओं की फाइलों और ऐसे खातो के संचालन की समीक्षा की गई।

ञ) प्रासंगिक विश्लेषणात्मक प्रक्रियाएं निष्पादित करना।

ट) ब्याज आवेदन की परीक्षण जांच, अन्य शुल्क लगाना, कमीशन आदि।

ठ) सुनिश्चित किया गया कि हमारी ऑडिट प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों को विधिवत ठीक किया गया है।

II सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण

बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणाली, कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) और सीबीएस से जुड़ी या स्वतंत्र रूप से काम करने वाली अन्य आइटी प्रणालियों के प्रभावी कामकाज पर अत्यधिक निर्भर है।

हमारा विशेष ध्यान सिस्टम में दिए गए तर्क, डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता, पहुंच प्रबंधन और कर्तव्यों का पृथक्करण से संबंधित है। ये अंतर्निहित सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि अनुप्रयोगों और डेटा में परिवर्तन उचित, अधिकृत, शुद्ध और मॉनिटर किए गए हैं, जिससे सिस्टम सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय व गैर-वित्तीय जानकारी उत्पन्न कर सके, जिसका उपयोग वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए किया जाता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आइटी) प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं दैनिक आधार पर व्यापक मात्रा में होती है और विविध व जटिल लेन-देन की प्रक्रिया होती है जो आइटी प्रणालियों पर अत्यधिक निर्भर हैं। यहाँ एक जोखिम रहता है कि स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाएं और संबंधित आंतरिक नियंत्रण सटीक रूप से डिज़ाइन व प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो सकते हैं, जिसके कारण इसे एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा का विषय माना जाता है।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में प्रमुख आइटी अनुप्रयोगों का मूल्यांकन और पहचान शामिल है, और परीक्षण पर सिस्टम से उत्पन्न रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय व गैर-वित्तीय जानकारी के परीक्षण जांच के आधार पर आइटी सिस्टम के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का सत्यापन, परीक्षण और समीक्षा करना शामिल है।

हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में शामिल हैं :

क) बैंक के आइटी नियंत्रण वातावरण और लेखापरीक्षा अवधि के दौरान महत्वपूर्ण परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की जो लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं।

ख) परीक्षण जांच के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण अनुप्रयोग, पहुंच नियंत्रण सहित बैंक के आइटी नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा की गई।

ग) जहां हमने अतिरिक्त प्रक्रियाओं को निष्पादित करने की आवश्यकता की पहचान की, हमने मैन्युअल क्षतिपूर्ति नियंत्रणों पर निर्भरता रखी; जैसे सिस्टम और अन्य सूचना स्रोतों के बीच सामंजस्य या अतिरिक्त परीक्षण करना; पर्याप्त और उचित ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमने अधिक नमूना जांच की।

घ) सांविधानिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखा परीक्षा के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियों (एमओसी) पर निर्भरता रहती है।

ङ) जहां भी उपलब्ध कराया गया हो, बाह्य विक्रेता निरीक्षण रिपोर्ट पर निर्भरता रहती है।

च) आइएस ऑडिट रिपोर्ट की समीक्षा की और प्रमुख आइटी नियंत्रणों के अनुपालन पर आइटी विभाग के साथ चर्चा की।

III. निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादित निवेशों की पहचान और प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 1 के साथ पढ़ी जाने वाली अनुसूची 17 के 4 देखें)

निवेश में बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बॉण्ड, डिबेंचर, शेयर, सुरक्षा रसीदें और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किया गया निवेश शामिल है।

बैंक की कुल संपत्ति में निवेश 26.49 प्रतिशत है। ये भारिबैं के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित होते हैं।

भारिबैं के निर्देश, अन्य बातों के साथ निवेश का मूल्यांकन, निवेश का वर्गीकरण, गैर-निष्पादित निवेश की पहचान, आय की गैर-मान्यता और उसके प्रति प्रावधान के लिए लागू होते हैं।

बाजार की अस्थिरता, विश्वसनीय कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण गैर-उद्धृत निवेश और कम कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है।

उपरोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारिबैं द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित विधि के अनुसार किया जाना है, जिसमें एफआइबीआइएल दरों, बीएसई / एनएसई पर उद्धृत दरों, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि जैसे विभिन्न स्रोतों से डेटा / जानकारी का संग्रह शामिल हैं।

मूल्यांकन में शामिल जटिलताओं और निर्णय की सीमा, लेन-देन की मात्रा, उपलब्ध निवेश और नियामक की मात्रा को ध्यान में रखते हुए, हमने उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

भारिबैं के परिपत्रों/ निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारी लेखापरीक्षा दृष्टिकोण मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादित निवेशों (एनपीआइ) की

पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और वास्तविक लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की ओर केन्द्रित थी। राजकोष के लेखापरीक्षा के संबंध में हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं निम्नलिखित पर केंद्रित हैं –

क) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआइ की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में प्रासंगिक भारिबैं के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया व उसे स्वीकार किया।

ख) उपलब्ध निवेश के चयनित नमूने के लिए, हमने सुरक्षा की प्रत्येक श्रेणी के लिए फिर से मूल्यांकन करके भारिबैं के मास्टर परिपत्रों और निर्देशों के साथ सटीकता और अनुपालन का परीक्षण किया। निवेश की सभी श्रेणियां (सुरक्षा की प्रकृति के आधार पर) नमूने में शामिल हैं, सुनिश्चित करने के बाद नमूनों का चयन किया गया।

ग) नवीनतम उपलब्ध वित्तीय विवरणों के आधार पर या भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर, गैर-उद्धृत निवेशों के स्वतंत्र रूप से परीक्षण-जाँच की गई।

घ) हमने एनपीआइ की पहचान और आय के अनुरूप उलटाव और प्रावधान के निर्माण की प्रक्रिया का आंकलन और मूल्यांकन किया।

ङ) हमने भारिबैं के परिपत्रों और निर्देशों के अनुसार बनाए रखे जाने वाले प्रावधान और प्रदान किए जाने वाले मूल्यह्रास की स्वतंत्र रूप से पुन: गणना करने के लिए पर्याप्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं अपनाईं। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूने का चयन किया और भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआइ के लिए परीक्षण किया और एनपीआइ के उन चयनित नमूनों के लिए भारिबैं के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधान की पुनर्गणना की।

IV. कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देनदारियों का आंकलन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है

बैंक ने इसके खिलाफ विवादित दावे किए हैं, जिनमें कर और गैर-कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित मामले भी शामिल हैं, जो विभिन्न अदालतों/ मंचों में लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संभावित बहिर्प्रवाह का आंकलन करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने के लिए उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है। बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके स्वयं के निर्णय, पिछले अनुभव और जहां भी आवश्यक समझा जाए, कानूनी और स्वतंत्र कर सलाहकारों की सलाह से समर्थित है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, हमारा लेखापरीक्षा विचाराधीन विषय वस्तु के तथ्यों और इसमें शामिल कानून के निर्णय/ व्याख्या का विश्लेषण करने पर केंद्रित था।

लेखा-परीक्षक के अभिमत

मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ

क) हमने योजना की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया और कर मुकद्दमेबाजी मामलों पर प्रबंधन के नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया है।

ख) हमने संभावित बहिर्प्रवाह और विवादों के संभावित परिणाम का अनुमान लगाने में प्रबंधन की अंतर्निहित धारणाओं की समीक्षा की। इन अनिश्चित कर/ गैर कर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय कानूनी प्राथमिकता और अन्य फैसलों पर विचार किया गया।

ग) इसके अतिरिक्त, हमने ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में प्रबंधन निर्णयों, उद्योग स्तर के विचार-विमर्श और संभावित बहिर्वाह के अनुमान व बैंक के आंतरिक विशेषज्ञों की अभिमत पर विश्वास किया।

घ) प्रमुख विवादित गैर-कर मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा चुनिंदा प्रमुख पत्राचार, आंतरिक/ बाह्य कानूनी राय/ परामर्श को पढ़ा और उनका विश्लेषण किया।

ङ) बैंक/अन्य कॉरपोरेट के मामले में एक-समान मामलो में जहां भी उपलब्ध हो, वहां अन्य कानूनी घोषणाओं की समीक्षा और सत्यापन किया गया।

च) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन के साथ चर्चा की गई और प्रावधानों का अनुमान लगाने में प्रबंधन की अंतर्निहित प्रमुख धारणाओं का मूल्यांकन किया गया।

छ) विवादित गैर-कर मामलों के संभावित परिणाम के बारे में प्रबंधन के अनुमान का आंकलन किया और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णयों पर विश्वास किया।

ज) सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और केंद्रीय कार्यालय में उपलब्ध सीमा तक शाखा लेखा परीक्षा/ अतिरिक्त जानकारी के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियों पर निर्भरता रही।

5. अन्य मामले

क) हमने बैंक के वित्तीय विवरणों में शामिल एक एसोसिएट और एक विदेशी संयुक्त उद्यम के वित्तीय विवरणों / सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनकी वित्तीय विवरणी / वित्तीय जानकारी 31 मार्च 2024 तक रु. 164.30 करोड़ की कुल संपत्ति, कुल राजस्व रु.24.97 करोड़ और कर के बाद कुल निवल लाभ को दर्शाती है, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में उल्लिखित है। समेकित वित्तीय विवरणों में 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए समूह के ₹8.93 करोड़ के निवल लाभ का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि एक एसोसिएट के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में माना गया है, जिनकी वित्तीय विवरण/ जानकारी का हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं किया गया है। इन वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा अन्य लेखा-परीक्षकों द्वारा की गई है जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें सौंपी गई और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारा अभिमत केवल संयुक्त उद्यम और सहयोगी के संबंध में निहित राशि और प्रकटीकरण से पूर्णतः ऐसे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

ख) 01 विदेशी संयुक्त उद्यम के मामले में, वित्तीय विवरण और अन्य जानकारी उनके संबंधित देशों में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार की जाती है जिसे अन्य लेखा-परीक्षकों द्वारा उनके संबंधित देशों में लागू स्वीकृत लेखापरीक्षक मानकों के तहत लेखापरीक्षा किया गया है। ऐसे विदेशी संयुक्त उद्यम के प्रबंधन ने वित्तीय जानकारी को उनके संबंधित देशों में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों से भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों में परिवर्तित किया है और इन रूपांतरण समायोजनों का अन्य लेखा-परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षण किया गया है। भारत के बाहर स्थित सहायक कंपनियों और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के शेष से संबंध में हमारा अभिमत, अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट और कंपनी के प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए व अन्य लेखा-परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित रूपांतरण समायोजन पर आधारित है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारा अभिमत और निम्नलिखित कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, किए गए कार्यों और अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्टों पर हमारी निर्भरता के संबंध में उपरोक्त मामलो के संबंध में संशोधित नहीं है।

ग) 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए पिछले वर्ष के लिए बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षा संयुक्त लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया था, जिनमें से तीन पूर्ववर्ती ऑडिट फर्म हैं और उन्होंने 12 मई 2023 की अपनी रिपोर्ट के माध्यम से ऐसे वित्तीय विवरणों पर असंशोधित अभिमत व्यक्त की है।

इस संबंध में हमारे अभिमत में संशोधन नहीं किया गया है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अतिरिक्त अन्य जानकारी

6. बैंक का निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट शामिल है (लेकिन इसमें समेकित वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है) जो हमें इस लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और निदेशकों की रिपोर्ट, प्रमुख वित्तीय संकेतक और शेयरधारक की जानकारी जारी करने के समय प्राप्त हुई थी, जिसको उस तारीख के बाद हमें उपलब्ध करवा दिया जाना अपेक्षित है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय बेसल III प्रकटीकरण के तहत अन्य जानकारी और स्तंभ 3 प्रकटीकरण को सम्मिलित नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन अथवा निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं और न ही करेंगे।

समेकित वित्तीय विवरणों के हमारे लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी ज़िम्मेदारी उक्त वर्णित अन्य जानकारी को पढ़ना है और ऐसा करते समय, इस बात पर विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी समेकित वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा में प्राप्त हमारे ज्ञान के साथ भौतिक रूप से असंगत है, या अन्यथा ऐसा प्रतीत होता है कि इसे भौतिक रूप से ग़लत वर्णित गया है।

यदि, लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट से पहले प्राप्त की गई अन्य जानकारी पर हमारे द्वारा किए गए काम के आधार पर, हम यह निष्कर्ष पर आते हैं कि अन्य जानकारी में महत्वपूर्ण मिथ्य कथन है, हमें उस तथ्य को रिपोर्ट करना आवश्यक है। इस संबंध में हमारे पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

जब हम निदेशकों की रिपोर्ट, प्रमुख वित्तीय संकेतक और शेयरधारक की जानकारी को पढ़ते हैं और इसका यह निष्कर्ष निकलता है कि इसमें कई महत्वपूर्ण मिथ्य कथन है तो हमारे द्वारा गवर्नेंस सहित उन प्रभारों को इस मामले के विषय में सूचित करना आवश्यक होगा।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की ज़िम्मेदारी तथा उन पर गवर्नेंस का प्रभार है

7. बैंक का निदेशक मंडल समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार है, जो भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों, जिसमें लेखा मानक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान और भारतीय रिज़र्व बैंक ('आरबीआइ') द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र और दिशानिर्देश शामिल हैं, के अनुसार बैंक की समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय प्रदर्शन और समेकित नकदी प्रवाह का सही और उचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। इस जिम्मेदारी में बैंक की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का अनुरक्षण; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और आवेदन; निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हैं; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को तैयार करना, कार्यान्वयन और अनुरक्षण, जोकि लेखांकन के रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे,वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक जो एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं और सामग्री के दुरुपयोग से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भी हुई हो, शामिल है जिनका उपयोग उपरोक्तानुसार बैंक के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से किया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, एक चालू संस्था के रूप में बने रहने के लिए समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम क्षमता का आंकलन करने के लिए समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम सहित ईकाइयों के निदेशक मंडल जिम्मेदार होता है और इससे संबंधित मामलों का प्रकटीकरण करना व लेखांकन के आधार का उपयोग करना, जब तक कि प्रबंधन या तो समूह को समाप्त करने या संचालन बंद करने का इरादा नहीं रखता है, या ऐसा करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होता है।

समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम से संबन्धित निदेशक मंडल, समूह व उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देख-रेख के लिए जिम्मेदार है।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की ज़िम्मेदारी

8. हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से वित्तीय विवरण भौतिक गलत विवरण से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भी हुई हो, और एक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन होता है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुसार की गई लेखा परीक्षा सदैव ही किसी सामग्री के गलती के मौजूद होने का पता लगाएगी। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें सामग्री, व्यक्तिगत या समग्र रूप से, माना जाता है। इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय प्रभावित होने की उम्मीद की जा सकती है।

लेखांकन मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा के भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं तथा पूरी लेखा परीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद बनाए रखते हैं। साथ ही हम:

- वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों को पहचान कर उनका आंकलन करते हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हुए हो, उन जोखिमों के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन और निष्पादन करते हैं व लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हो। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाली सामग्री से गलत विवरण का पता नहीं लगने के कारण जोखिम त्रुटि एक से अधिक रूप में परिणामित हो सकती है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण को निरस्त करना शामिल हो सकती है।

- प्रबंधन के द्वारा प्रयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा लेखांकन अनुमानों और संबंधित खुलासों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करते है।

- प्रबंधन के द्वारा इस्तेमाल की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरणों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करते है।

- लेखांकन के आधार पर चालू प्रतिष्ठान के प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष / निकालना कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई भौतिक अनिश्चितता मौजूद है जो बैंक को चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखने कई क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि एक भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरण पर ध्यान आकर्षित करना होगा या, यदि ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हैं, तो अपनी राय को संशोधित करना होगा। हमारे निष्कर्ष लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षण साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाएं या शर्त बैंक को चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने से वंचित कर सकती हैं।

- समग्र प्रस्तुति, प्रकटीकरण सहित वित्तीय विवरणों की विषय वस्तु और संरचना के मूल्यांकन सहित इस बात का मूल्याकन करते हैं कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देन और घटनाओं का इस तरह से दर्शाते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।

- समेकित वित्तीय विवरणों पर अभिमत व्यक्त करने के लिए बैंक और उसके सहयोगी और संयुक्त उद्यम के भीतर ऐसी संस्थाओं या व्यावसायिक गतिविधियों की वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त उपयुक्त ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करें । हम समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल ऐसी संस्थाओं की वित्तीय जानकारी के निर्देशन, पर्यवेक्षण और लेखापरीक्षा के प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार हैं, जिनके हम स्वतंत्र लेखापरीक्षक हैं । समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थाओं के लिए, जिनका लेखापरीक्षा अन्य लेखा परीक्षक द्वारा किया गया है, ऐसे अन्य लेखा परीक्षक उनके द्वारा किए गए लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार रहते हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

भौतिकता समेकित वित्तीय विवरणों में गलत बयानों का परिणाम है, जो व्यक्तिगत या समग्र रूप से , जिसके कारण समेकित वित्तीय विवरणों के जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने ऑडिट कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने काम के परिणामों का मूल्यांकन करने और (ii) समेकित वित्तीय विवरणों में किसी भी चिन्हित गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए में मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के अलावा, लेखा परीक्षा के नियोजित दायरे और समय और महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों के संबंध में बैंक के गवर्नेंस और समेकित वित्तीय विवरणियों सहित अन्य ईकाइयों के साथ चर्चा करते हैं, जिसमें आंतरिक नियंत्रण में लेखा परीक्षा के दौरान चिन्हित महत्वपूर्ण कमियां शामिल हैं।

हम उन लोगों को जिन पर गवर्नेंस का प्रभार है, उन्हें भी यह विवरणी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और उनके साथ सभी संबंधों और अन्य मामलो जो कि हमारी स्वतंत्रता और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में संवाद करने के लिए विचार किया जा सकता है।

प्रभारों के संबंध में गवर्नेंस को संप्रेषित मामलो, हम उन मामलो का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं । जब तक कि कानून या विनियमन इस मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं करता है, हम अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं, या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी मामले को संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से दुष्परिणाम स्वरूप संचार के जनहित लाभ कम हो जाएंगे।

अन्य विधिक तथा नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

9. समेकित तुलन पत्र और समेकित लाभ व हानि खाता, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों अनुसार तैयार किया गया है।

10. उपरोक्त पैराग्राफ 5,7 से 8 में इंगित लेखापरीक्षा की सीमाओं के अधीन और बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 के अनुसार हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर और अलग-अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट और सहयोगी व संयुक्त उद्यम की अन्य वित्तीय जानकारी के आधार पर, जैसा कि 'अन्य मामलों' पैराग्राफ में वर्णित आवश्यक प्रकटीकरण की सीमाओं के अधीन रहते हुए हम रिपोर्ट करते हैं कि:

क) हमने उन सभी सूचनाओं और स्पष्टीकरणों को प्राप्त किया है जो लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए हमारे ज्ञान और विश्वास के लिए आवश्यक थे एवं हमने उन्हें संतोषजनक पाया है;

ख) बैंक के वे सभी लेन-देन जोकि हमारे संज्ञान में थे बैंक की क्षमता के अधीन हैं; तथा

ग) बैंक की शाखाओं तथा कार्यालयों से प्राप्त विवरणियां हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्य के लिए पर्याप्त पाई गयी थीं।

11. जैसा कि पत्र संख्या डीओएस.एआरजी.6270/08.91.001/2019-20 दिनांकि 17 मार्च 2020 की आवश्यकताओं के अनुसार " सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति- वित्तीय वर्ष 2019-20 से एससीए की रिपोर्टिंग उत्तरदायित्व" पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी उत्तरवर्ती संसूचना दिनांकित 19 मई, 2020 (यथा संशोधित) के साथ पठित , हम उपरोक्त पत्र के पैरा 2 में निर्दिष्ट मामलों पर आगे की रिपोर्ट निम्नानुसार प्रस्तुत करते हैं :

क) हमारी राय में, उपरोक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण आइसीएआइ द्वारा जारी लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं, यहाँ तक कि वे आरबीआइ द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

ख) वित्तीय लेन-देन या मामलों पर कोई टिप्पणी और अवलोकन नहीं है, जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

ग) चूंकि बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत नहीं है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उपधारा (2) के तहत बैंक के निदेशक होने की अयोग्यताएं बैंक पर लागू नहीं होती है।

घ) खातो और अन्य मामलों से जुड़े मामलों के अनुरक्षण से संबंधित कोई योग्यता, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

ङ) आइसीएआइ द्वारा जारी "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षण पर तकनीकी गाइड" के अनुच्छेद 1.14 के अनुसार, आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आरबीआइ द्वारा शुरू की गई रिपोर्टिंग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर लागू होगी। तदनुसार, समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर समूह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्टिंग नहीं की जाती है।

12. हम आगे यह भी रिपोर्ट करते हैं कि :

क) हमारे अभिमत में, हमारे द्वारा दौरा नहीं की गई शाखाओं से हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए बैंक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त खाता बही विवरणियों से प्राप्त की गयी हैं और उन शाखाओं से जिनका हमने दौरा नहीं किया है वहाँ से हमें लेखापरीक्षण के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त उचित विवरणियाँ व अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं।

ख) इस रिपोर्ट में दिए गए तुलन पत्र, लाभ व हानि खाता और नकदी के प्रवाह का विवरण और उन शाखाओं से प्राप्त विवरणियाँ जहां हम नहीं गए, खातो की पुस्तक के साथ हैं।

ग) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के तहत बैंक के शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट हमें भेजी गई है और इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे द्वारा समुचित सावधानी बरती गई है ।

घ) हमारी राय में, तुलन पत्र , लाभ व हानि खाता और नकदी प्रवाह का विवरण लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं और वे आरबीआइ द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

कृते एस.एन कपूर एवं एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 001545सी

(अविचल एसएन. कपूर)
साझेदार
एम नं. 400460
यूडीआइएन: 24400460बीकेसीबीयूडी4986

कृते आर. देवेंद्र कुमार एवं एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन 114207डब्ल्यू

(नीरज गोलस)
साझेदार
एम नं. 074392
यूडीआइएन: 24074392बीकेईएकेए7127

कृते तेज राज एवं पाल
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 304124ई

(बी. गंगाराजू)
साझेदार
एम नं.: 007605
यूडीआइएन: 24007605बीकेडीजीएफक्यू4400

कृते लक्ष्मी तृप्ति एवं एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 009189सी

(अभय पालीवाल)
साझेदार
एम नं.: 435511
यूडीआइएन: 24435511बीकेएएचवीएक्स4725

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 09.05.2024


इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
आपकी प्रगति का सच्चा साथी
Good people to grow with
www.iob.in
88
Years of Excellence
Empower Your Wallet with
IOB GOLD POWERED
Credit Card
Minimum : ₹ 25000
Maximum : ₹ 25 Lakh
Processing Charges
0.30% of the Sanction Limit
Attractive
Rate of Interest
Hassle Free
Process
T&C Apply
GOLD POWERED CARD
RuPay
CREDIT
Know More
A Credit Card linked to your
Jewel Loan Overdraft Account

अतिरिक्त प्रकटीकरण

बेसल III के स्तंभ 3 का प्रकटीकरण- 31.03.2024

आरबीआइ ने बेसल III दिशानिर्देश जारी किए, जो 01.04.2013 से लागू है एवं वर्तमान में बेसल III दिशानिर्देशों के पूर्ण कार्यान्वयन के साथ, न्यूनतम पूंजी से जोखिम-भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) 11.50%, न्यूनतम सामान्य इक्विटी टीयर -1 अनुपात 8.00% और न्यूनतम टीयर 1 अनुपात 9.50% है। 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक द्वारा धारित न्यूनतम पूंजी 11.50% है और न्यूनतम सीईटी 1 (सीसीबी सहित) 8.00% है। बैंक ने 11.50% (सीसीबी सहित) की नियामक आवश्यकता की तुलना में 31.03.2024 तक 17.28% का सीआरएआर बनाए रखा है।

बेसल III ढांचे में तीन परस्पर सुदृढ़ स्तंभ शामिल हैं:

(i) स्तंभ 1: न्यूनतम पूंजी आवश्यकता (क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम)

(ii) स्तंभ 2: पर्यवेक्षी समीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया

(iii) स्तंभ 3: बाज़ार अनुशासन

बाजार अनुशासन (स्तंभ 3) में बैंक की पूंजी पर्याप्तता और जोखिम प्रबंधन ढांचे पर प्रकटीकरण शामिल है। ये प्रकटीकरण निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं:

जोखिम प्रबंधन

जोखिम लेना बैंकिंग कारोबार का अभिन्न अंग है। अपनी जोखिम वहन क्षमता के आधार पर विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में बैंक कई प्रकार का जोखिम लेते हैं। बैंक द्वारा किए गए प्रत्येक लेन देन से बैंक का रिस्क प्रोफाइल बदलता है। सामान्य कारोबार में बैंक के लिए कई जोखिम हैं जैसे उधार जोखिम, बाज़ार जोखिम, तरलता जोखिम और अन्य जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य जोखिम भरे कार्यकलापों को रोकना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि पूरी जानकारी, स्पष्ट उद्देश्य और समझ के साथ जोखिम उठाया गया है ताकि इसका आंकलन किया जा सके और शमन किया जा सके। ऐसी जोखिमों का प्रभावी रूप से प्रबंधन करने के लिए बैंक ने कई जोखिम प्रबंधन उपाय एवं प्रणालियां तैयार की हैं और इन्हें काम में लाया जा रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाए रखा है जिसमें नीतियां, साधन, तकनीक, प्रबोधन प्रक्रियाएं और प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआइएस) शामिल हैं।

बैंक नियमित आधार पर जोखिम और प्रतिलाभ के बीच उपयुक्त ट्रेड ऑफ प्राप्त करने के जरिए शेयरधारकों के मूल्यों को अधिकतम करने और बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। बैंक के जोखिम प्रबंधन के उद्देश्यों में जोखिम की उचित पहचान, उसे मापना, प्रबोधन / नियंत्रण और इसका शमन करना शामिल है ताकि बैंक की समग्र जोखिम फिलॉसफी को प्रतिपादित किया जा सके। बैंक द्वारा अपनाई गई जोखिम प्रबंधन नीति, जोखिम की स्पष्ट समझ और जोखिम की मांग के स्तर पर आधारित है। बैंक की जोखिम क्षमता जोखिम प्रबंधन से संबंधित विभिन्न नीतियों में जोखिम सीमाओं के उपायों के जरिए प्रदर्शित होते हैं। बैंक की जोखिम क्षमता को आम तौर पर बैंक के जोखिम क्षमता विवरण और आइसीएएपी यानी आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया में जोखिम सीमा और ट्रिगर बिंदुओं के निर्धारण के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है।

बैंक ने उपयुक्त जोखिम प्रबंधन संगठन रूपरेखा बैंक में स्थापित की है। निदेशक मंडल की एक (आरएमसीबी) उप-समिति, जोखिम प्रबंधन समिति गठित की गई है जो बैंक में ऋण जोखिम, बाज़ार जोखिम, परिचालनात्मक जोखिम और अन्य जोखिमों के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है। बैंक ने उधार जोखिम प्रबंधन के लिए ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), बाज़ार जोखिम प्रबंधन के लिए आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) और बाज़ार जोखिम के प्रबंधन हेतु फंडस समिति, परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी), परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन हेतु उत्पाद/ प्रोसेस जोखिम शमन समिति (पीआरएमसी) तथा सूचना सुरक्षा के प्रबंधन हेतु सूचना सुरक्षा समिति का भी गठन किया है।

बैंक में उत्कृष्ट जोखिम प्रबंधन प्रणाली और व्यवहार के कार्यान्वयन के लिए बैंक के केन्द्रीय कार्यालय में एक पूर्णरूपेण जोखिम प्रबंधन विभाग कार्यरत है जो कारोबार विभागों से अलग है। महा प्रबंधक इस विभाग के प्रभारी हैं जो बैंक में जोखिम प्रबंधन पर समग्र पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी मुख्य जोखिम अधिकारी हैं और सभी आंतरिक जोखिम प्रबंधन समितियों के संयोजक हैं। जोखिम प्रबंधन में मिड ऑफिस तथा उधार समर्थन सेवाएँ विभाग और सामान्यत: अन्य प्रकार्यात्मक विभाग/ शाखा भी जोखिम प्रबंधन कार्य करते हैं तथा नीति जोखिम सीमा रूपरेखा और आन्तरिक अनुमोदनों के पालन / अनुपालन का प्रबोधन करते हैं। जोखिम प्रबंधकों को क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात किया गया है। विभिन्न एम आइ एस को

प्रस्तुत करने के लिए केन्द्रीय कार्यालय के जोखिम प्रबंधन विभाग के साथ समन्वयन करने के अलावा वे क्षेत्र/ अंचल स्तरीय ऋण अनुमोदन समिति में सहभागिता करते हैं।

जोखिम का प्रभावी रूप से प्रबंधन करने के लिए मूल दृष्टिकोण इसके प्रारंभिक बिंदु के जोखिम नियंत्रण करने पर निर्भर करता है। बैंक ने 31.3.2008 से प्रभावी पूँजी पर्याप्तता रूपरेखा से (बेसल II) का कार्यान्वयन किया था और ये समय - समय पर भा.रि.बैं. द्वारा जारी दिशानिर्देशों के क्रम में ढांचा रूपरेखा का अनुपालन कर रहा है । के अनुपालन में है। बेसल III दिशानिर्देशों की शुरूआत 01.04.2013 से की गई है और बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार पूँजी का अनुरक्षण कर रहे हैं। बेसल III फ्रेमवर्क तीन पारस्परिक सहायक स्तम्भ पर आधारित हैं। संशोधित का पहला स्तम्भ क्रेडिट, मार्केट और परिचालनात्मक जोखिम के लिए न्यूनतम पूँजी आवश्यकता से संबंधित है। दूसरा स्तम्भ पर्यवेक्षी पुनरीक्षा प्रक्रिया है जो यह सुनिश्चित करता है कि बैंक के पास पर्याप्त पूँजी है ताकि वह अपने कारोबार में सभी प्रकार के जोखिमों का बैंक के जोखिम प्रोफाइल और नियंत्रण वातावरण के साथ शमन कर सकता है। भा.रि.बै. की अपेक्षा के अनुरूप बैंक ने आंतरिक पूँजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आइसीएएपी) पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति है ताकि वह दूसरे स्तम्भ की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। इस नीति का लक्ष्य उन सभी महत्वपूर्ण जोखिमों का मूल्यांकन प्रथम स्तम्भ जोखिमों के तहत विनियामक निर्धारकों से ऊपर करना है जिसका सामना बैंक करता है और पर्याप्त पूँजी ढाँचा सुनिश्चित करना ताकि आवश्यकताओं की पूर्ति निरंतर होती रहे।

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 02.12.2013 को जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप एक “तनाव जांच नीति /फ्रेमवर्क” तैयार किया है जिससे अपवादस्वरूप किन्तु संभाव्य घटनाओं के प्रति संगठन की संभाव्य संवेदनशील स्थिति का पता लगाया जा सके। तनाव परीक्षण और परिदृश्य विश्लेषण, विशेषत: बैंक के भौतिक जोखिम एक्सपोजर के संबंध में, आर्थिक मंदी के समय में किसी पोर्टफोलियो में निहित संभावित जोखिम की पहचान करने और तदनुसार इसका सामना करने के लिए उचित उपाय करने में सहायक होता है। नीतिगत उपायों के अनुसार बैंक आवधिक रूप से बैंक के तुलन-पत्र पर विभिन्न तनाव परीक्षण करता है और आल्को / आरएमसीबी / बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

बोर्ड द्वारा अनुमोदित कारोबार निरंतरता योजना एवं आपदा से उबरने की योजना बनाई है। जीरो डाटा लॉस के लिए 3 वे डेटा कोड बनाए गए हैं, सभी 3 डाटा केन्द्रों पर और केन्द्रीय कार्यालय पर, मल्टीपल एम पी एल एस - वी पी एन हाइ बैण्डविथ कनेक्शन, वैकल्पिक सेवा प्रदाता से ड्वेल कनेक्टीविटी और शाखाओं के लिए वैकल्पिक मीडिया की स्थापना की गयी है। फायरवॉल और इन्ट्रूजन डिटेक्शन प्रणाली को कार्यान्वित किया गया है। सूचना सुरक्षा घटनाओं की निगरानी और विश्लेषण करने के लिए सूचना सुरक्षा प्रणाली विभाग द्वारा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की गयी है ताकि सुधारात्मक उपाय किए जा सके, जबकि आइ एस लेखापरीक्षा अनुभाग बैंक के विभागों और शाखाओं की आवधिक सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा की देख-रेख करता है। बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सूचना सुरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से डी आर ड्रिल आयोजित किया जाता है। नेटवर्क सेक्योरिटी को सुनिश्चित करने के लिए बाहरी विशेषज्ञों द्वारा खतरा विश्लेषण और पेनेट्रेशन टेस्टिंग प्रक्रिया का आयोजन किया जाता है।

बेसल III फ्रेमवर्क के तहत परिकल्पित उन्नत पहलों को माइग्रेट करने के लिए बैंक अपने जोखिम प्रबंधन प्रणाली व प्रक्रिया को उन्नत बनाने की प्रक्रिया में है।

बेसल III फ्रेमवर्क के तीसरे स्तंभ का अभिप्राय बाज़ार अनुशासन से है। बाज़ार अनुशासन का उद्देश्य, स्तम्भ 1 के तहत उल्लिखित न्यूनतम पूँजी आवश्यकता और स्तम्भ II के तहत उल्लिखित पर्यवेक्षी पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करना है। इस संदर्भ में, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक में जोखिम प्रबंधन के बारे में तालिका डीएफ 1 से 18 (संलग्न) में प्रकटीकरण (मात्रात्मक व गुणात्मक दोनों) का एक सेट प्रकाशित किया गया है जिससे बाज़ार के सहभागी अनुप्रयोग की गुंजाइश, पूँजी जोखिम एक्सपोजर जोखिम मूल्यांकन प्रक्रिया, बैंक की जोखिम प्रोफाइल और पूँजीकरण के स्तर आदि के बारे में महत्वपूर्ण सूचना का आंकलन कर सकें; (अ) प्रयोज्यता की संभावना (डीएफ - 1), (आ) पूँजी पर्याप्तता (डीएफ - 2), (इ) उधार जोखिम: सभी बैंकों के लिए सामान्य प्रकटीकरण (डीएफ - 3), (ई) उधार जोखिम: पोर्टफोलियो के लिए प्रकटीकरण बशर्ते कि मानकीकृत दृष्टिकोण (डीएफ - 4), (उ) उधार जोखिम शमन: मानकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रकटीकरण (डीएफ - 5), (ऊ) प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र: मानकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रकटीकरण (डीएफ - 6), (ए) ट्रेडिंग बुक में बाज़ार जोखिम (डीएफ - 7), (ऐ) परिचालन जोखिम (डीएफ - 8), (ओ) बैंकिंग बुक में ब्याज दर जोखिम (आइआरआरबीबी) (डीएफ - 9), (औ) काउंटर पार्टी उधार जोखिम से संबंधित एक्सपोजर के लिए सामान्य प्रकटीकरण (डीएफ - 10), (अं) पूँजी का संघटन (डीएफ - 11), लेखांकन संपत्तियों की सारांश तुलना बनाम लीवरेज अनुपात एक्सपोजर उपाय (डीएफ - 17) और लिवरेज अनुपात सामान्य प्रकटीकरण टेम्पलेट (डी एफ - 18)। यह बाज़ार के सहभागियों को विभिन्न मानदण्डों में बैंक के निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक जानकारी भी प्रदान करेगा।

डीएफ - 1: प्रयोज्यता की संभावना

"इण्डियन ओवरसीज़ बैंक" पर बेसल III ढांचा लागू होता है। बैंक के समेकित वित्तीय विवरण, भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुरूप हैं, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) द्वारा निर्धारित नियामक मानदंड, निर्देश और दिशानिर्देश, कंपनी अधिनियम 2013, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा जारी लेखा मानक एवं भारत (आइसीएआइ) और भारत में प्रचलित लेखांकन प्रक्रियाएँ शामिल हैं।

(i) गुणात्मक प्रकटीकरण

(क) 31.03.2024 को समाप्त अवधि हेतु समेकन के लिए विचारणीय इकाइयों के समूह की सूची

इकाई का नाम	निगमन देश	क्या इकाई समेकन के लेखाकरण संभावना के अंतर्गत आती है (हाँ/ नहीं)	समेकन की विधि की व्याख्या	क्या इकाई समेकन के विनियामक संभावना के अंतर्गत आती है (हाँ/ नहीं)	समेकन की विधि की व्याख्या	समेकन की विधि में अंतर के लिए कारणों की व्याख्या	समेकन की संभावना के सिर्फ किसी एक के तहत समेकन किए जाने के कारण की व्याख्या
ओडिशा ग्राम्य बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी समेकन के दायरे में नहीं हैं
इंडियन इंटरनेशनल बैंक, बरहद, मलेशिया	मलेशिया	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	संयुक्त उद्यम समेकन के दायरे में नहीं है

(ख) 31.03.2024 को लेखाकरण और विनियामक समेकन की दोनों संभावनाओं के तहत समेकन के लिए अविचारणीय इकाइयों के समूह की सूची

(रूपये करोड़ में)

इकाई का नाम	निगमन देश	इकाई का प्रमुख कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक इकाई के लेखाकरण के तुलनपत्र में उल्लिखित)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का प्रतिशत	इकाई के पूँजी लिखतों में बैंक के निवेश के प्रति विनियमक व्यवहार	कुल तुलन पत्र परिसंपत्ति(विधिक इकाई के लेखाकरण के तुलनपत्र में उल्लिखित)
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेस	भारत	जनरल इंश्योरेस	368.18	18.06	लागू नहीं	लागू नहीं

(ii) मात्रात्मक प्रकटीकरण

(क) 31.03.2024 को समेकन के लिए विचारणीय इकाइयों के समूह की सूची

(रूपये करोड़ में)

इकाई का नाम	निगमन देश (जैसा ऊपर (।) क में इंगित किया गया है)	इकाई का प्रमुख कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक इकाई के लेखाकरण के तुलनपत्र में उल्लिखित)	कुल तुलन पत्र परिसंपत्ति(विधिक इकाई के लेखाकरण के तुलनपत्र में उल्लिखित)
ओडिशा ग्राम्य बैंक	भारत	बैंकिंग	1734.01*	19879.49*
इंडियन इंटरनेशन बैंक, बरहद, मलेशिया	मलेशिया	बैंकिंग	597.63**	1203.48**

*ओडिशा ग्राम्य बैंक में इक्विटी का बैंक हिस्सा 606.90 करोड़ रुपये (1734.01*35%) है।

** इंडिया इंटरनेशनल बैंक, बरहद, मलेशिया में बैंकों की हिस्सेदारी 209.17 करोड़ रुपये (597.63*35%) है।

(ग) सभी अनुषंगी इकाईयों में पूँजी की कमी की कुल रकम समेकन में शामिल नहीं है यानी जिनकी कटौती की गई है

निगमन देश / अनुषंगी का नाम	इकाई का प्रमुख कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक इकाई के लेखाकरण के तुलनपत्र में उल्लिखित)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का प्रतिशत	पूँजी की कमी
लागू नहीं				

(घ) बीमा इकाई में बैंक के कुल हित की औसत रकम (उदाहरण - चालू बही मूल्य) जो जोखिम भारित हैं:

(रु. करोड़ में)

